हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 17 मार्च 2025


तापमान

अधिकतम 38.1 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री


10 होली मिलन में महापौर, सभापति व आयुक्त ने खेली फूलों की होली





11 बरहापुर में पिछले दो माह से हो रही बंधक गायों की मौत






# स्कूल व कॉलेजों में समावेशी जागरुकतायुक्त शिक्षा पाठ्यक्रम का प्रस्ताव तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

विभिन्न शोध पत्र, विशेषज्ञों के लेख, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, स्त्री रोग विशेषज्ञों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत आंकड़े, तथा विश्व महिला दिवस पर आयोजित संगोष्ठियों के निष्कर्ष का विश्लेषण किया है। इस विश्लेषण के आधार पर भारत के ग्रामीण, शहरी एवं आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, कानूनी अधिकार, वित्तीय स्वतंत्रता और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता की कमी का अध्ययन कर विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में महिलाओं को संवैधानिक अधिकार, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, लैंगिक सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता और डिजिटल सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अकादमिक स्तर पर ही शिक्षित करने नवीन पाठ्यक्रम का प्रस्ताव भेजा गया है, ताकि वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें।

## राष्ट्रपति, कुलाधिपति, कुलसचिव सहित अन्य को भेजा प्रस्ताव

ये है प्रस्तावित पाठ्यक्रम

**विद्यालय स्तर (कक्षा 6 से 12):** भारतीय संविधान का परिचय एवं मौलिक अधिकार
**महिला अधिकार:** शिक्षा, कार्यस्थल, विवाह एवं पारिवारिक अधिकार, बाल विवाह निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा और दहेज प्रतिषेध अधिनियम
**यौन अपराधों के विरुद्ध कानून:** पॉस्को एकट
घरेलू हिंसा अधिनियम 2005,
**आपातकालीन सेवाएं एवं कानूनी सहायता प्रणाली:** महिला हेल्पलाइन नंबर (1091, 181)
राष्ट्रीय महिला आयोग और राज्य महिला आयोग की भूमिका

**महाविद्यालय स्तर**
**महिला सुरक्षा एवं कार्यस्थल अधिकार:** कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, समान वेतन एवं मातृत्व लाभ अधिनियम प्रॉपर्टी एवं उत्तराधिकार अधिकार ( हिन्दू सेक्शन एक्ट 1956)
**विवाह, परिवार एवं कानूनी अधिकार:** विवाह अधिनियम (हिन्दू मैरिज एक्ट, स्पेशल मैरिज एक्ट), तलाक एवं भरण-पोषण से जुड़े कानून **राजनीतिक अधिकार एवं महिला आरक्षण नीति:** महिला सशक्तिकरण हेतु आरक्षण एवं प्रतिनिधित्व, पंचायत और नगर निकाय चुनावों में महिलाओं की भागीदारी, महिलाओं का स्वास्थ्य और स्वच्छता )

**विद्यालय स्तर किशोरावस्था एवं शरीर में होने वाले परिवर्तन,** मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन, मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियाँ एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सुरक्षित एवं सुलभ सैनिटरी प्रोडक्ट्स का उपयोग, **पोषण एवं महिला स्वास्थ्य:** संतुलित आहार एवं एनीमिया की रोकथाम, विटामिन और मिनरल्स का महत्व, मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्मरक्षा तकनीकें, आत्मविश्वास बढ़ाने के उपाय, ध्यान, योग एवं तनाव प्रबंधन

**महाविद्यालय स्तर: प्रजनन स्वास्थ्य और मातृत्व देखभाल:** गर्भावस्था एवं नवजात शिशु देखभाल, सरकारी मातृत्व योजनाएँ (जननी सुरक्षा योजना, पोषण अभियान), गंभीर बीमारियाँ एवं रोकथाम:, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण, मानसिक स्वास्थ्य एवं साइकोलॉजिकल काउंसलिंग, डिप्रेशन, एंग्जायटी और मानसिक तनाव से निपटने की विधियां, लैंगिक सुरक्षा एवं जागरूकता

**विद्यालय स्तर: \गुड टच\ और \बैड टच\ की पहचान,** साइबर बुलिंग और यौन शोषण से बचाव, पॉस्को एक्ट और आत्मरक्षा के तरीके, मार्शल आर्ट और सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग, एसओएस एप्स एवं हेल्पलाइन नंबर
**महाविद्यालय स्तर:सहमति और व्यक्तिगत स्वतंत्रता,** विवाह, लिव-इन रिलेशनशिप एवं कानूनी अधिकार, समाज में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण
लैंगिक भेदभाव का प्रभाव और उसे दूर करने के उपाय, वित्तीय साक्षरता एवं आत्मनिर्भरता

**विद्यालय स्तर: बचत, बजट एवं बैंकिंग प्रणाली:** बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया नकदी रहित लेन-देन (यूपीआई, डिजिटल वॉलेट), डिजिटल भुगतान एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षा, सरकारी योजनाएँ:, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, मुद्रा योजना, महिला उद्यमिता कार्यक्रम

**महाविद्यालय स्तर: टैक्स, लोन एवं बीमा की मूलभूत जानकारी:** आयकर एवं जीएसटी का परिचय, हेल्थ इंश्योरेंस एवं जीवन बीमा, स्वरोजगार एवं महिला उद्यमिता:, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना, आत्मनिर्भर भारत अभियान में महिलाओं की भूमिका, शेयर बाजार एवं निवेश प्रबंधन, म्यूचुअल फंड, गोल्ड बॉन्ड, स्टॉक्स और एसआईपी निवेश, डिजिटल सुरक्षा एवं साइबर क्राइम से बचाव

विद्यालय स्तर 1. इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग: साइबर शिष्टाचार, सुरक्षित पासवर्ड मैनेजमेंट, सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के उपाय, फ्रॉड अकाउंट्स एवं फिशिंग से बचाव, ऑनलाइन उत्पीड़न रोकने के तरीके, साइबर क्राइम एवं हेल्पलाइन सेवाएँ, साइबर क्राइम हेल्पलाइन
कॉलेज स्तर: साइबर लॉ (आईटी एक्ट) एवं डिजिटल डेटा सुरक्षा, साइबर स्टॉकिंग, फिशिंग और ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, डिजिटल साक्षरता एवं सरकारी योजनाएँ, राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन, साइबर सुरक्षा प्रमाणपत्र कार्यक्रम
शिक्षा पद्धति: इंटरेक्टिव वर्कशॉप एवं सेमिनार, प्रैक्टिकल केस स्टडी एवं वास्तविक जीवन उदाहरण, डिजिटल टूल्स एवं ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म, सामुदायिक भागीदारी एवं सरकारी संस्थाओं के साथ सहयोग

### प्रस्ताव को जल्द मिलेगी मंजूरी



महिलाओं को संविधान, स्वास्थ्य, स्वच्छता, लैंगिक सुरक्षा, वित्तीय प्रबंधन और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शिक्षित करने प्रस्तावित पाठ्यक्रम को शिक्षा व्यवस्था में प्रभावी तरीके से लागू करवाने यूजीसी, एआईसीटीई, पीसीआई सहित शिक्षा मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों से विस्तार पूर्वक चर्चा कर प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। इसलिए उम्मीद है जल्द ही यह लागू हो जाएगा।

**- किशोर कुमार भारद्वाज,**
सलाहकार (अभियंता) सीएसवीटीयू भिलाई

## खबर संक्षेप

### 5 दुकानों में लगी आग



**भिलाई।** अचानक पांच दुकानों में आग लगने से हडकंप मच गया। घटना गांधी चौक हटरी बाजार दुर्ग का है। जहां शनिवार आधी रात दुकानों में भीषण आग लग गई। आग लगने से पांच दुकानों का सारा सामान जलकर खाक हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक हटरी बाजार में आगजनी हुई। जब आग फैलने लगा तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड को सूचना मिलने पर आधे घंटे बाद मौके पर टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। आगजनी के पहले का एक सीसी टीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे बदमाश आग लगा रहा है। इस आगजनी से लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आग लगी उनमें से चार दुकानें जूते-चप्पल और एक इलेक्ट्रिकल शॉप की है। स्थानीय व्यापारियों के मुताबिक यहां आधी रात के बाद नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। कुछ बदमाश यहां कचरा जला रहे थे। इस दौरान पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी ने उन्हें वहां से खदेड़ा था। सीसी टीवी फुटेज में जो दिख रहा है। उसके अनुसार एक युवक दुकान के सामने खड़ा है और एक स्कूटी की डिग्गी निकालकर उसमें से पेट्रोल निकाला। स्कूटी में आग लगा दी।

### युवक की मौत

**भिलाई।** शराब पीकर वाहन चलाते हुए बाइक को बिजली पोल में ठोकर मारने से एक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक धर्मेंद्र सिंह बिहार के औरंगाबाद जिले के चटेवा निवासी है। वे झारखंड विधायक के दामाद थे। धर्मेंद्र सिंह ने होली के दिन काफी अधिक शराब पीया था। नशे की हालत में तेज रफ्तार में बाइक चलाकर फौजी नगर हाउसिंग बोर्ड पहुंचा। एसबीआई बैंक के पास उसकी बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में सिर में चोट आई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक भिलाई में एक फैक्ट्री में काम करता था।

### सरपंच और ग्रामीणों के बीच मारपीट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** सरपंच और ग्रामीणों के बीच होली पर्व पर जमकर मारपीट करने के मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि सरपंच नरोत्तम ठाकुर होली पर्व मनाकर घर पर था। सरपंच का भाई मिलन ठाकुर बस्ती में हाथ पांव धो रहा था। इस दौरान गांव के सूरज कुर्रे, आर्यन डहरिया, सागर, राहुल पाल गाली गलौच करना शुरु कर दिया। मिलन ने इसका विरोध किया तो दूसरे पक्षों के लोगों ने पत्थरबाजी कर चोट पहुंचाया।

## रिसाली सीएचसी का हाल : नियम महीने में 10 डिलीवरी अनिवार्य

# जिले का एक ऐसा 30 बिस्तर अस्पताल जहां तीन साल से एक भी डिलीवरी नहीं

देवीलाल साहू ▶▶ भिलाई

अलग खबर

दुर्ग जिले में एक ऐसा 30 बिस्तर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जहां तीन साल से एक भी प्रसूताओं की डिलीवरी नहीं हो पाई। खास बात यह है कि इस हॉस्पिटल को 100 बिस्तर की मंजूरी मिली है। आनन-फानन में 30 बिस्तर शुरू किया गया है। मौजूदा हाल यह है कि बिना सुविधाओं के लैस यह अस्पताल अपने ढ़र्रे पर चल रहा है। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की मांग तो पूरी हुई लेकिन उनकी समस्या का हल नहीं हुआ है। महिलाएं अब भी डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल या फिर सिविल अस्पताल सुपेला रेफर की जाती है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उतई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी और जांच के लिए सलाह दी जा रही है। हर केंद्र में 10 प्रसूताओं की अनिवार्य डिलीवरी का नियम है।

### कांग्रेस शासनकाल में रूआबांधा बीएसपी हॉस्पिटल के भवन में शुरू किया गया है यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



### जिले का नवमां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

दुर्ग जिले में पहले आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहे थे।रिसाली का यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिले का 9 वां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। कांग्रेस जब सत्ता में आई तो दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस हॉस्पिटल की शुरूआत तत्कालीन विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने करवाई थी। श्री साहू ने जिला प्रशासन से चर्चा कर महिलाओं की डिलीवरी प्रांरभ करने के निर्देश दिए लेकिन आवश्यक तैयारी और सुविधाओं का हवाला देकर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे आगे टाल दिया। कांग्रेस की सत्ता चली गई उसके बाद अब भाजपा के विधायक ललित चंद्राकर हैं। सालभर हो गए भाजपा विधायक ने यहां की स्वास्थ्य सेवाओं को आगे बढ़ाने का काम नहीं किया।

### जिस कमरे में डिलीवरी की तैयारी वहां कक्ष जर्जर

रिसाली सामुद्रायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए जिस कक्ष में प्रसूताओं की डिलीवरी की तैयारी करवाई गई उसकी हालत जर्जर है। इसके संधारण के लिए पैसे रिसाली निगम को खर्च करने थे। रिसाली निगम इस भवन के संधारण में शुरूआती दौर में 14 लाख रुपए खर्च कर चुका है। रिसाली निगम में कांग्रेस की महापौर है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार बदलने के बाद रिसाली निगम ने संधारण कार्य से हाथ खड़े कर दिए। मौजूदा स्थिति यह है कि डिलीवरी कक्ष जर्जर हाल में है। कम से कम तीन कमरे की जरूरत डिलीवरी के लिए जरूरी है।

### एक भी आपरेशन नहीं लेकिन एनेस्थीसिया के डॉक्टर पदस्थ

रिसाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में न ही डिलीवरी होती है और न ही कोई आपरेशन की सुविधा है। उसके बाद भी यहां एनेस्थीसिया के डॉक्टर को पदस्थ किया गया है। इस डॉक्टर का इस्तेमाल दूसरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में की जा रही है। इस हॉस्पिटल में कोई भी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है। कुल छह डॉक्टर पदस्थ हैं। जिसमें एक डेंटल, एक आयुर्वेदिक, एक शिशु रोग, एक एनेस्थीसिया और दो जनरल मेडीसीन हैं। पूर्व बीएमओ डॉ. डीके बेलचंदन भी यहां अटैच हैं।

### एक्स-रे मशीन भी है सालभर से खराब

सीएचसी रिसाली में सरकारी हॉस्पिटल रानीतराई से एक्स-रे मशीन लाई गई है। मरीजों ने बताया कि सालभर से ज्यादा हो गए एक्स-रे मशीन बंद पड़ा है। इसे सुधारने के लिए भी यहां के पदस्थ डॉक्टरों की दिलचस्पी नहीं है। इसलिए कि डॉक्टरों का वर्क बढ़ जाएगा। एक्सरे नहीं होने से आर्थों, फेफड़े के संक्रमण आदि रोगों के मरीजों की जांच तक नहीं हो पाती।

### जर्जर भवन है मुख्य दिक्कत

रिसाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिस भवन में चल रहा है वह जर्जर हाल में हैं। विशेषकर डिलीवरी कक्ष। हमारी तैयारी थी कि डिलीवरी शुरू की जाए लेकिन सुविधाओं के अभाव में यह प्रारंभ नहीं हो पा रहा है।

**डॉ. एनएल बंजारे,** बीएमओ दुर्ग

**हॉस्पिटल भवन निर्माण अधर में:** रिसाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने मंजूरी दे दी है लेकिन मामला जमीन को लेकर अटका हुआ है। जिस जमीन पर यह हॉस्पिटल बनना है वह बीएसपी के अधीन है। राज्य सरकार को हस्तातंरण नहीं हो पाया है। जानकारों का कहना है कि जब तक भवन नहीं बन जाता तब तक रिसाली सेक्टर स्थित बीएसपी के बंद पड़े हेल्थ सेंटर को दिया जाए। यहां वर्तमान हॉस्पिटल से ज्यादा कमरे हैं। जिससे डिलीवरी प्रारंभ की जा सकती है। पेयजल, बिजली की समस्या भी यहां नहीं रहेगी।

**महीने में 4 हजार की ओपीडी:** रिसाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने से स्थानीय सहित आसपास के ग्रामीणों के लिए सुविधाएं बढ़ी है। नतीजा हर महीने की ओपीडी करीब 4 हजार मरीजों की है। सुबह व शाम को ओपीडी खुलती है और जनरल बीमारियों की जांच व दवाएं लोगों को मिल रही है। सबसे ज्यादा दिक्कतें गर्भवती महिलाओं को हो रही है जिन्हे डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल या निजी अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। सिविल अस्पताल सुपेला और जिला अस्पताल में वैसे ही बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं पहुंचती है। रिसाली में इस सुविधा के नहीं होने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुरू करने का उद्देश्य ही औपचारिक होकर रह गया है।

## दो साल बाद दुर्ग कोर्ट ने सुनाया फैसला

# नाबालिग की हत्या करने वालों को उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सुपेला शीतला तालाब में जंवारा विसर्जन के दौरान एक नाबालिग बालिका की हत्या के मामले में आरोपी को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। दुर्ग तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी सुपेला निवासी महेश यादव को यह सजा दी है। आरोपी महेश ने एक तरफा प्रेम प्रसंग के चलते चाकू मार कर बालिका की हत्या कर दी थी। दो साल पहले यानी 30 मार्च 2023 को हुई इस घटना पर कोर्ट के फैसले से मृतिका के परिवार ने राहत की सांस ली है।



■ आरोपी महेश यादव ने नाबालिग बालिका को 30 मार्च 2023 को मारा

### आठ बार चाकू से गोदा था बालिका को

नाबालिक बालिका 14 साल की थी। आरोपी महेश यादव जवांरा विर्सजन से लौट रही बालिका को रोका और उसे शादी के लिए दबाव बनाया। बालिका के साथ उसकी छोटी बहन भी थी। छोटी बहन को आरोपी ने रोक दिया और नाबालिग बालिका को बुलाकर कहा कि तुम मेरे सिवाय दूसरे से क्यों बात करती हो। तुम मुझसे शादी करो। शादी से इनकार करने पर आरोपी महेश ने चाकू निकाला और ताबड़तोड़ वार कर आठ बार हमला किया। बीच-बचाव में मृतिका की छोटी बहन आई तो उसे भी चाकू मार कर घायल कर दिया।

### आरोपी का एकतरफा प्रेमप्रसंग बनी घटना की वजह

आरोपी महेश यादव अपराधी किस्म का युवक था। थाने में चोरी, नकबजनी के पांच मामले दर्ज है। आरोपी को जब जेल हो गई और छूटकर आया तो उसे पता चला कि नाबालिक बालिका उसके बड़े भाई राजा से बात करती है। इससे वह चिढ़ गया। इसी बात को लेकर वह नाबालिक बालिका पर शादी करने के लिए दबाव बनाने लगा। बालिका आरोपी से प्यार नहीं करती थी। इसलिए उसने आरोपी को मना कर दिया। इस तरह एकतरफा प्रेम प्रसंग ने बालिका की जान ले ली।

### बीच-बचाव के लिए नहीं आया कोई

जंवारा विसर्जन के दौरान लोगों की काफी भीड़ थी। लेकिन आरोपी युवक महेश ने जब नाबालिग बालिका को चाकू मारना शुरू किया तो कोई भी बीच-बचाव के लिए नहीं आया। मृतिका की छोटी बहन ने अपनी बहन को बचाने की कोशिश की और बचाव के लिए चिल्लाई। तभी आरोपी के भाई राजा व उसका दोस्त सोहेल आया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। चाकू मारकर आरोपी महेश भाग निकला। पुलिस सूचना के बाद आई और घायल बालिका को अस्पताल ले गई लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। चश्मदीद गवाह के रूप में मृतिका की छोटी बहन थी।

# बीमारी से तंग आकर डॉक्टर ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

### सुपेला पुलिस कर रही है जांच

घूटने की दर्द से परेशान एक डॉ.ने फांसी लगाकर आत्हत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने परिवार के लोगों को परेशान न करने की बात उल्लेख है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कंट्रेक्टर कालोनी निवासी डॉ. आरती राम साहू यहीं अपना क्लीनिक चलाया करते थे। वे गायत्री प्रज्ञापीठ रामनगर मुक्तिधाम भगवती संस्थान के सीनियर कार्यकर्ता थे। डॉ. साहू काफी सपन्न परिवार से हैं। घर में उनकी पत्नी के साथ उनके दो बेटे और एक बेटी हैं। वो नाती-नातिनों के साथ काफी समय बिताते थे। डॉ साहू अपने घूटने की दर्द से लंबे समय से परेशान थे। वो चल फिर नहीं पाते थे। इसे लेकर वो कई बार अपने मित्रों से बातचीत किया करते थे। सुसायडल नोट में भी बीमारी को लेकर उन्होंने लिखा है। बताया जा रहा है कि डॉ. आरती राम साहू ने पहले से ही सुसाइड करने का मन बना लिया था। फंदा तैयार करने के लिए एक दिन पहले दुकान से नई नायलोन की रस्सी खरीदी थी। इसके बाद उसे झोला में रखा था। 15 मार्च की सुबह डॉ. घर में नाश्ता किया और झोला लेकर निकल गए। जाने से पहले उन्होंने अपने नाती-नातिनों को बुलाया उन्हें दुकान ले गए और चॉकलेट भी दिलाई थी।



■ घूटने की दर्द से था मृतक डॉ. आरती परेशान

### पेड़ पर लगाई फांसी

पुलिस ने बताया कि डॉ आरती पैदल रास्ते चंद्रा मौर्या टॉकीज के पीछे रेलवे ट्रैक की तरफ गए। जहां जंगल वाले एरिया में एक पेड़ से फंदा बनाया और उसमें झूल गए। शाम को जब लोगों ने उन्हें फंदे पर लटका देखा तो पुलिस और परिजनों को सूचना दी। रविवार को डॉ. साहू के शव का पीएम किया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद से परिवार में मातम पसर गया है।

# गैंगस्टर जोश को पिस्टल दिलाने वाला बीएसपी कर्मी और भाजपा नेत्री का पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

गैंगस्टर अमित जोश को पिस्टल उपलब्ध कराने वाले युवक को पुलिस ने लंबे समय बाद गिरफ्तार किया है। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि रुआबांधा रिसाली निवासी प्रखर चंद्राकर ही गैंगस्टर अमित जोश को पिस्टल उपलब्ध कराया था। उसके एंकाउटर के बाद से प्रखर चंद्राकर फरार के नाम पर भिलाई-दुर्ग में ही घूम रहा था। पुलिस के बयान में प्रखर चंद्राकर का नाम आया है कि अमित को इसी ने ही पिस्टल उपलब्ध कराया था। उसके बाद जोश ने प्राणघातक हमला ग्लोब चौक के पास युवको पर किया था। शिकायत के बाद पुलिस ने प्रखर को पकड लिया। आरोपी प्रखर चंद्राकर बीएसपी कर्मी कमल नारायण और भाजपा नेत्री प्रीति चंद्राकर का बेटा है। प्रखर को लेकर पुलिस के पास कई शिकायत मिली है। पुलिस के मुताबिक आरोपी प्रखर जुलाई 2024 से फरार चल रहा था। इस दौरान प्रखर 9 मार्च को रिसाली क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाया था। भाजपा के मंडल अध्यक्ष एकनाथ साहू की शिकायत पर रुआबांधा निवासी प्रखर चंद्राकर पर कार्रवाई हुई है। पुलिस जांच में पता चला कि 9 मार्च को रिसाली के दशहरा मैदान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एलईडी लगाकर भारत और न्यूजीलैंड के बीच हो रहे क्रिकेट मैच का आनंद ले रहे थे। रात 11.30 बजे प्रखर चंद्राकर अपनी थार से मौके पर पहुंचा। आरोपी ने पहले अपनी वाहन से 10 चक्कर लगाया। कार्यकर्ताओं ने आरोपी को रोकने का प्रयास किया। इसे लेकर कार्यकर्ताओं पर वाहन चढ़ाने का प्रयास प्रखर ने किया।इसके बाद गाली गलौज कर कार्यकर्ताओं को जान से मारने की धमकी दी।

### गुंडा बदमाश की लिस्ट में है प्रखर



पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रखर चंद्राकर गुंडा बदमाश के लिस्ट में शामिल है। एंकाउटर में मारे गए अमित जोश को पिस्टल सप्लाई भी प्रखर ने किया था। इसके नाम से पांच बड़े मामले भी दर्ज है। जब प्रखर को पुलिस ने पकड़ा उसके पास से एक पिस्टल, दो कारतूस भी मिला है। पुलिस ने उसकी एक थार को भी जब्त किया है। गिरफ्तारी के एक दिन पहले ही नेवई थाने के मारपीट की घटना में प्रखर शामिल था।

### पिस्टल और दो कारतूस भी मिला

गिरफ्तारी दौरान आरोपी प्रखर से पुलिस ने पिस्टल और दो कारतूस भी जब्त किया है। गुंडा बदमाश के लिस्ट में आरोपी है। नेवई मारपीट में भी आरोपी शामिल था। जोश को पिस्टल की सप्लाई इसी ने की थी।

**-सत्य प्रकाश तिवारी,** सीएसपी

## शहर व ग्रामीण थानों में कायम है सड़क हदासो के भी है मामले

# होली में जिले के 17 पुलिस थानों में 42 मारपीट, गाली गलौज के मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

होली पर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने के लिए फ्लैग मार्च निकालकर अपराधियों को नकेल कसने का प्रयास किया गया। लेकिन जिले के 17 थानों में मारपीट के 42 अपराध दर्ज है। मिली जानकारी के मुताबिक इसमें अधिकांश मामले में शराब के नशे में मारपीट और नशे की हालत में सड़क हादसों का शिकार बनना है। ये घटनाएं शहर व ग्राणीण थानों में दर्ज किए गए है। इस तरह का सबसे अधिक मामला सुपेला थाने में कायम है। होली जिस दिन जला और खेला गया उसी दिन का ही यह अपराध जिलों के थानों में दर्ज किए गए है। थानों में यह अपराध कायम होने के बाद इनकी गिरोफ्तारी करना अब पुलिस के लिए किसी चैलेंज से कम नहीं होता है। वर्ष 2024 में 17 थानों में 38 मामले ही दर्ज हुए थे।

### दो का शव पुलिस को मिला

दो अलग-अलग स्थानों पर शराब के नशे में नाली में गिरकर दो युवकों के मौत हो गई। एक की शिनाख्त पुलिस ने किया है। वहीं दूसरे की खोजबीन जारी है। पुलिस ने बताया कि स्मृति नगर के एक नावले में बाइक समेत युवक गिरा पड़ा मिला। जिसका शिनाख्त मॉडल टाउन जुनवानी निवासी मोहन देशमुख के रुप में हुई है। दूसरी घटना भिलाई तीन पुलिस को हथखोज इंडस्ट्रियल एरिया में जियो पंप के पास नाले में युवक का शव मिला।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# कृषि पम्प में केपेसिटर से बिजली की बचत और वोल्टेज से मिलेगा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत स्थायी एवं अस्थायी मिलाकर विभिन्न क्षमता के लगभग 1 लाख 41 हजार 660 कृषि पम्प स्थापित हैं। जिनके माध्यम से खेतों में सिंचाई का कार्य करे हैं। विद्युत विभाग के अधिकारी किसानों से पंप में केपेसिटर लगाने की अपील कर रहे है। उनका दावा हैं कि, इससे जहां बिजली की बचत होगी, वहीं लो वाल्टेज से छुटकारा मिलेगा।

विद्युत इंजीनियरिंग का सिद्ध नियम है कि, इंडक्शन मोटर कार्य करने के लिए विद्युत लाइन से दो तरह का पॉवर लेती है, एक कार्य करने के लिए वास्तविक पॉवर और दूसरा रिएक्टिव पॉवर। रिएक्टिव पॉवर एक तरह की बिजली होती है, जो मोटर में खपत नहीं होती और स्त्रोत को वापस आ जाती है, परंतु विद्युत प्रणाली में अनावश्यक विद्युत भार, वोल्टेज ड्राप, लाइन लॉस आदि के लिए जिम्मेदार होती है। रिएक्टिव पॉवर लेने के कारण मोटर का पॉवर फैक्टर कम हो जाता है, जिसे हम मोटर के टर्मिनल में उचित क्षमता का कैपेसिटर लगाकर बढ़ा सकते हैं। पॉवर फैक्टर कम होने से मोटर, विद्युत लाइन से आवश्यकता से अधिक करंट (एम्पीयर) लेती है। जब प्रणाली में जुड़ी हजारों मोटर एक साथ अधिक एम्पियर लेती हैं तो सिस्टम का वोल्टेज अत्यधिक कम हो जाता है जिसका दुष्प्रभाव कृषकों के साथ-साथ विद्युत प्रणाली पर पड़ता है।

## विद्युत वितरण कंपनी किसानों से कर रही अपील, मिलेगा लाभ

### केपीसीटर से लोडिंग होगी खत्म

राज्य में गर्मी के मौसम में धान, मक्का और चने की फसल में सिंचाई के लिए एक साथ हज़ारों लाखों कृषि पंप चलने से वास्तविक के साथ-साथ रिएक्टिव लोड भी बढ़ जाता है। यह समस्या उन क्षेत्रों में गंभीर हो जाती है। जहां पर पंप कनेक्शनों का घनत्व ज्यादा है, उन क्षेत्रों में रिएक्टिव लोड अधिक हो जाने के कारण एल टी लाइन, वितरण ट्रांसफार्मर, 11 के.वी. लाइन 33/11 के.वी. उपकेंद्र आदि में ओवर लोडिंग की समस्या हो जाती है और वोल्टेज कम हो जाता है। अनेकों वितरण ट्रांसफार्मर इसी कारण से फेल हो जाते हैं। यह रिएक्टिव लोडिंग विद्युत प्रणाली में कुल लोडिंग का लगभग 20 से 25 प्रतिशत तक होती है। जिसे उचित क्षमता का कैपेसिटर लगाकर लगभग समाप्त किया जा सकता है



### उपकेन्द्र का भी कर रहे निर्माण

मोटर पम्प के लो पॉवर फैक्टर के कारण आवश्यकता से अधिक एम्पीयर लेने के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए सीएसपीडीसीएल द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जैसे नए उपकेंद्रों का निर्माण, पावर वितरण ट्रासफार्मरों की क्षमता वृद्धि, अतिरिक्त ट्रासफार्मरों की स्थापना, लाइनों का निर्माण आदि। इन सभी कार्यों को पूर्ण करने में समय लगता है एवं करोड़ों रुपये के बजट की आवश्यकता होती है। पंप में 3 अश्वशक्ति तक- 1 केवीएआर, 3 से 05 अश्वशक्ति तक- 2 केवीएआर, 5 से 7.5 अश्वशक्ति तक- 3 केवीएआर, 7.5 से 10 अश्वशक्ति तक- 4 केवीएआर, 10 से 15 अश्वशक्ति तक 5 केवीएआर लगाया जा सकता हैं।

## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित पार्षद का किया स्वागत

दुर्ग। वरिष्ठ नागरिक शिक्षक नगर एवं सर्वपल्ली राधाकृष्ण गार्डन के सदस्यों द्वारा किल्लामंदिर वार्ड नवनिर्वाचित पार्षद जितेंद्र ताम्रकार ( बाबू ) का स्वागत किया गया। जितेंद्र ताम्रकार (बाबू) वार्ड नं 07 से पार्षद नियुक्त होने पर वार्ड नं 07 स्थित सर्वपल्ली राधा कृष्णन गार्डन के संरक्षक वरिष्ठ नागरिक गण शिक्षक नगर दुर्ग द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया साथ ही तुलसी के पौधा गार्डन में लगाया गया इस समय गार्डन में पानी की समस्या पर एवं गार्डन की सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा किया गया। जितेंद्र ताम्रकार बाबू द्वारा गार्डन के सौंदर्यीकरण ,बच्चों के खेलने के लिए गार्डन को और आकर्षक,एवं पानी की व्यवस्था के लिए नगर निगम का ध्यानाकर्षण किया जाएगा आश्वत किया । इस दौरान डॉ निर्वाण तिवारी नरेंद्र कुमार ताम्रकार आर के शर्मा राम कुमार पंसारी मुस्ताक अली ईश्वरी प्रसाद टिकरिया राजेंद्र वैष्णव मंझला ताम्रकार देवानंद ताम्रकार सुदर्शन महलवार दिलीप कसेर श्री राजेंद्र वैष्णव आदि सदस्य उपस्थित रहे । एवं सभी वरिष्ठ जनो ने नवनिर्वाचित पार्षद बाबू ताम्रकार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिए कार्यक्रम का संचालन रजनीश वैष्णव जी द्वारा किया गया।

### रमेश चंद्र फाउंडेशन की पूरी टीम ने मनाई होली

दुर्ग। श्री रमेश चंद फाउंडेशन की टीम द्वारा हर्षोल्लास से होली मिलन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित वन बेबी वन प्लांट अभियान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने वाले समर्पित साथियों को डॉ. मानसी गुलाटी ( स्त्री रोग विशेषज्ञ ) द्वारा सम्मानित किया गया। विशेष रूप से श्री रमेश चंद्र फाउंडेशन के समर्पित सदस्य प्रांजल जटवानी, मोनिका कुलदीप, अंकिता राजपूत, आकांक्षा राजपूत, सरोज राजपूत, सविता राउत, अरुणा राउत, विभा राजपूत, रमेश्वरी, हेमा, कविता, शीला, सृजन, प्रिया, जया एवं अन्य सभी सहयोगियों को उनके अनुकरणीय कार्यों और निस्वार्थ योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने न केवल आपसी सौहार्द और खुशी को बढ़ावा दिया, बल्कि हमें अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों की ओर और अधिक प्रेरित किया। यह आयोजन हमारे संकल्प को और सशक्त बनाता है कि हम मिलकर समाज और पर्यावरण के हित में अपने प्रयासों को जारी रखेंगे।

## मनमानी : भर्ती के लिए 550 की अनुमति, लेकिन 735 कर्मियों को रखा गया

# पिछले दरवाजे से फिर हो रही नगर निगम में प्लेसमेंट कर्मियों की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम में प्लेसमेंट के आड में किए गए मनमाने भर्ती को लेकर हाल ही में तत्कालीन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कार्यवाही की थी, लेकिन निगम प्रशासन फिर से पानी फेरने में लगा हैं। गलत तरीके से किए गए जिस कर्मियों को कलेक्टर ने बाहर का रास्ता दिखाया था, उनकी पिछले दरवाजे से फिर से भर्ती हो रही है। दूसरी तरफ ऐसे लोग भी खडे हो गए है। जिनकी राजनीतिक एप्रोच नही होने के कारण उन्हे वापस नही लिया जा रहा हैं।

नगरनिगम में महापौर का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी यहां पदस्थ थी। उन्होने निगम की माली हालात खराब होने के बाद भी राज्य शासन के निर्धारित मापदंड से अधिक भर्ती किए जाने के मामले में बडी कार्यवाही करते हुए चालीस से अधिक कर्मियों का बाहर का रास्ता दिखाया था। लेकिन कलेक्टर के जाने के बाद एक बार फिर प्लेसमेंट में मनमानी भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। प्लेसमेंट में भर्ती के लिए 550 की अनुमति थी। लेकिन निगम में साढे 735 कर्मियों को रखा गया हैं। जबकि हर माह इन्हें वेतन के नाम पर लाखों रूपए जारी कर निगम के खजाने का नुकसान पहुंचाया जा रहा हैं। मजे की बात यह हैं कि, पूर्व कांग्रेस की सत्ता में जो लोग चाकरी करते रहे, उन्ही के करीबियों के नाम सामने आ रहे हैं।

### माली हालात खराब होने के बाद भी नहीं रूक रही मनमानी




### नियमित से तीन गुणा भर्ती

जानकारी अनुसार नगरनिगम में नियमित 238 कर्मचारी व अधिकारी पदस्थ हैं। लेकिन इससे ज्यादा प्लेसमेंट में 713 कर्मी पदस्थ हैं। वहीं मिशन क्लीन सिटी (एमसीसी) में 582 कर्मियों को रखा गया हैं। इस तरह कुल 1521 अधिकारी व कर्मचारी को पदस्थ किया गया है। नियमित से ज्यादा ठेके पर कर्मियों को रखने से हर माह वेतन का खामियाजा निगम के अधिकारियों को भुगतान पडता हैं।

### एमआईसी गठन के पहले उपकृत

बहरहाल नगरनिगम में एमआईसी का गठन तक नही हुआ है। इस बीच अधिकृत किए जाने का सिलसिला शुरू हो गया हैं। जबकि निगम से संबंधित कार्य एमआईसी के अनुमोदन के आधार पर होना है। पूर्व में यह मनमानी ही रही कि एमआईसी के अनुमोदन बगैर मनमानी भर्ती कर कर्मियों को रखे गए थे। इस मसले को खुद कांग्रेसी नेता सदन में उठाते रहे और कार्यवाही की भी मांग करते रहे हैं।

# विधायक निवास में रंगोत्सव की रही धूम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विद्युत नगर स्थित विधायक निवास में धूम धाम से होली का पर्व मनाया गया। इस दौरान आयोजित होली मिलन में अपने चहेते विधायक को रंग गुलाल लगाने लोग सुबह से पहुंचने लगे थे। रंगों की फुहार एवं नागड़े की थाप के बीच फाग गीत से पूरा माहौल सराबोर हो गया। विधायक गजेन्द्र यादव ने स्वयं नगाड़ा बजाया और माइक थामकर फाग गीत गाए। वहीं महिलाओ ने फूलों की पंखुड़ी उड़ाकर विधायक का अभिनंदन की।

रंगोत्सव पर्व पर विधायक निवास में होली मिलन में शहरवासियों की जबरदस्त भीड़ रही, स्थानीय कलाकारों ने फाग गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। विधायक संग होली मनाने पहुंची महिलाओ की टोली ने उन्हें पकवान भेंट की तो युवा वर्ग होली गीत पर बाजे गाजे में उत्साह एवं उमंग से नाचते हुये होली मनाये। विधायक निवास में आयेजित होली मिलन में महापौर अलका बाघमार, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, आईजी रामगोपाल गर्ग, एडिशनल एसपी, दुर्ग जिला के प्रशासनिक अधिकारी, दुर्ग निगम के सभापति श्याम शर्मा, पार्षदगण, पूरे विधानसभा क्षेत्र से युवा मोर्चा, महिला मोर्चा सहित भाजपा के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता, नागरिक, विभिन्न सामाजिक संगठन, महिला समूह, व्यापारीगण सहित सभी वर्ग के लोग शामिल हुये। होली मिलन को लेकर उत्साहित कार्यकर्त्तागण पूरे जोर शोर से तैयारी में 2 दिन से जुटे हुए थे। कार्यकर्त्ताओ की टोली अपनी अपनी टीम बनाकर होली मिलन में शामिल हुए। नंगाड़े की थाप और रंगो की फुहार के साथ होली त्यौहार का आनंद लिए।

# कामधेनु विवि में संसाधनों का सतत उपयोग एवं बटेर पालन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- बटेर के चूजे, दाना व औषधि का किया वितरण



दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति डॉ.आर.आर.बी.सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रभारी कुलपति एवं अधिष्ठाता डॉ.संजय शाक्य के कुशल नेतृत्व में पशुचिकित्सा महाविद्यालय, अंजोरा के सभागार में एक दिवसीय छत्तीसगढ़ के देशी पशु आनुवंशिक संसाधनों का सतत उपयोग एवं बटेर पालन प्रशिक्षण का आयोजन पद्मश्री फूलबासन बाई यादव सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं संस्थापक, माँ बम्लेश्वरी जनहितकारी समिति के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. जीके दत्ता, डॉ. केशब दास, डॉ. धीरेन्द्र भोंसले के विशिष्ट आतिथ्य, डॉ.किशोर मुखर्जी की अध्यक्षता, डॉ.दिलीप चौधरी, प्राध्यापक तथा मोहला-मानपुर ब्लॉक के 32 प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार की परियोजना आदिवासी उपयोजनान्तर्गत अनुसूचित जनजाति (टी.एस.पी.) के हितग्राहियों को बटेर पालन हेतु प्रशिक्षण में बटेर के चूजे, दाना, औषधि का वितरण किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को डॉ. ओपी दीनानी ने बटेर पालन एवं डॉ. आरसी रामटेके ने राष्ट्रीय लाइवस्टॉक मिशन पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. के मुखर्जी ने कहा कि इस विश्वविद्यालय द्वारा सर्वप्रथम कोसली गौवशीं, छत्तीसगढ़ी भैंस, अंजोरी बकरी का राष्ट्र स्तर पर पंजीकृत किया जा चुका है। अब भी हमारे बीच देशी नस्ल के पशु हैं जिन्हे पंजीकृत किया जाना आवश्यक है, क्योंकि देशी पशुओं में बहुत से ऐसे गुण है जैसे कि रोगप्रतिरोधक क्षमता, अधिक ऊष्मा और कम आहार में उत्पादन करने की क्षमता होती है। प्रभारी कुलपति एवं अधिष्ठाता डॉ.संजय शाक्य ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बटेर पालन, मुर्गी पालन ऐसा व्यवसाय है जिसमें कम लागत एवं समय में ज्यादा लाभ अर्जित किया जा सकता है। बाजार में मांग को ध्यान में रखते हुए अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाना है। मुख्य अतिथि पद्मश्री फूलबासन बाई यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बटेर पालन को एक व्यवसाय के रूप में अपनाए और अपनी आर्थिक कड़ी को मजबूत करें। भारत सरकार की मंशानुसार आत्मनिर्भर भारत को साकार करने हेतु जूनुन आवश्यक है। संचालन डॉ.दीप्ति किरण बरवा ने आभार प्रदर्शन डॉ.जागृति कृष्णन ने किया।

## महापौर के कार्यकाल के प्रथम माह में शासन ने किए 25 करोड़ स्वीकृत



दुर्ग। नगरोत्थान योजना के अंतर्गत शहर विकास कार्य के लिए महापौर अलका बाघमार के पहले कार्यकाल मात्र एक महीने के भीतर 25 करोड़ की राशि की स्वीकृति मिली है। इसके लिए उन्होंने शासन के प्रति ह्दय से आभार व्यक्त किया। शहर के प्रथम नागरिक महापौर अलका बाघमार के प्रयासों से शहर नगरवासियों को मिली बड़ी सौगात।

बता दे कि शहर सीमा क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन रोड से शहीद चौक तक फोरलेन निर्माण 800 मी.और राजेन्द्र पार्क चौक से शहीद चौक होते हुए आईएमए चौक तक चौड़ीकरण एवं फोरलेन निर्माण कार्य किया जाना है। निर्माण कार्य से नागरिको को आवागमन में भारी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत महापौर अलका बाघमार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य नगर निगम शहर में बुनियादी ढांचे के सुधार के साथ-साथ नागरिक की सुविधाओं को भी बेहतर बनाना है।इसके तहत सड़कें, जल आपूर्ति, सीवरेंज सिस्टम, सफाई व्यवस्था, शहरी पार्क, और अन्य प्रमुख विकास कार्य किए जाएंगे। इस योजना का बेहतर सड़कें,स्वच्छ जल आपूर्ति, और बेहतर आवागमन सुविधाएं लोगों के जीवन को सुविधाजनक बनाएंगी। महापौर ने कहा कि राज्य शाससन से शहर विकास कार्यो के लिए मेरे द्वारा निरंतर राशि लाकर दुर्ग शहर को और भी बेहतर सुंदर एवं स्वच्छ दुर्ग बनाने का प्रयास करुंगी।नगरोत्थान योजना में प्रस्तावित कार्यों की डी.पी.आर.प्रस्तुत करने विषयक हेतु राज्य शासन के बजट वर्ष 2025-26 में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग हेतु नवीन परियोजना अंतर्गत नगरोत्थान योजना में बजट प्रावधान किया गया है। बजट में शामिल हेतु नगर निगम हेतु प्रावधानित कार्यो का विस्तृत प्रस्ताव डी.पी.आर. नियमानुसार परिषद् के संकल्प सहित शीघ्र शासन प्रस्तुत करने को कहा गया है।

# होली मिलन में महापौर, सभापति व आयुक्त ने खेली फूलों की होली



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- जमकर झूमे जनप्रतिनिधि व अधिकारी-कर्मचारी

नगर निगम में होलिका दहन और फूलों की होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महापौर श्रीमति अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित जन प्रतिनिधि, निगम के अधिकारी-कर्मचारी एक साथ दिखे। इस मौके पर महापौर, सभापति, आयुक्त व अन्य सदस्यों ने एक दूसरे पर फूल बरसाकर होली की बधाई दी। होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। आज भेदभाव को भुलकर आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए संकल्प लेने का दिन है। महापौर ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि आज सभी वार्ड पार्षद एक साथ खुशी का त्योहार मना रहे हैं।

महापौर, सभापति, आयुक्त सहित जनप्रतिनिधियों के अलावा सभी निगम के कर्मचारी अधिकारी फूलों से सराबोर दिखे। भजनों में सभी ने जमकर नाचे। महापौर ने कहा रंग सद्भाव और स्नेह का संदेश देता है। उन्होंने शहरवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। सभी के उत्साह को देखकर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और पदाधिकारी भी जमकर नाचे।कार्यक्रम के दौरान वार्डो के पार्षदें के अलावा अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## परमेश्वरी महोत्सवः विधायक महापौर के अलावा अन्य नेताओं की सहभागिता

# समाज महिलाओं की समान भागीदारी के कारण सशक्तः बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- जिलास्तरीय परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन



जिला देवांगन समाज के तत्वावधान में जिला स्तरीय परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन रविवार को बायपास के नीचे धमधा रोड दुर्ग में भव्यता के साथ संपन्न हुआ समारोह में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। विशेष अतिथि के रूप में विधायक गण गजेंद्र यादव, ललित चन्द्राकर, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग महापौर अलका बाघमार,जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कौशिक नव निर्वाचित सभापति श्याम शर्मा, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन सहित जनप्रतिनिधि एवं देवांगन समाज के वरिष्ठ प्रदेश व जिला पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

इस अवसर पर नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में विजयी देवांगन समाज के 100 से अधिक नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक पदाधिकारियों एवं दानदाताओं का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, धमधा जनपद उपाध्यक्ष प्रीति देवांगन, पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष निक्की योगेश भाले आदि सहित पंच सरपंच, नगरीय निकायों के पार्षदों सहित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। देवांगन समाज की ओर से प्रेमचंद देवांगन ने सांसद एवं विधायकों के समक्ष मांग पत्र रखा। सभी जनप्रतिनिधियों ने देवांगन समाज की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

समारोह में विशेष रूप से देवांगन समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश देवांगन, देवांगन समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश देवांगन, प्रदेश उपाध्यक्ष गण धनेश देवांगन, गजेंद्र देवांगन,समाज सेविका डॉ मानसी गुलाटी, समाज सेवी प्रेमचंद देवांगन, भिलाई भाजपा जिला महामंत्री शंकरलाल देवांगन, दुर्ग जिला देवांगन समाज अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन, सचिव धनुष राम देवांगन, कोषाध्यक्ष राजेंद्र लिमजे, देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, कैम्प -2 अध्यक्ष भेदूराम देवांगन, पाटन ब्लाक अध्यक्ष मनोहर देवांगन, धनुकलाल देवांगन, अलखराम देवांगन, भूषण लाल देवांगन, दुष्यंत देवांगन, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कीर्ति देवांगन, सचिव फुलवा देवांगन, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशीष देवांगन, राकेश देवांगन आदि संख्या में उपस्थित थे।

### समाज को संगठित करने में पुरोधाओं का योगदान

सांसद विजय बघेल ने कहा कि समाज में महिलाओं की समान भागीदारी होने के कारण देवांगन समाज तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित करने में पुरोधाओं का योगदान है। इसलिए उन्हें न भूलें। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति को प्रदेश में बड़ावा देने में देवांगन समाज का योगदान सराहनीय है। देवांगन समाज के लोग सर्वाधिक शिक्षित और प्रतिभाशाली हैं । विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि व्यापार में अग्रणी होने के कारण प्रदेश को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में देवांगन समाज का बड़ा योगदान है । इसलिए इन्हें महाजन नाम से संबोधित किया जाता है। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि देवांगन समाज विनम्र एवं मिलनसार समाज है और संगठन क्षमता इसकी ताकत है। नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार ने कहा कि देवांगन समाज संस्कारों वाला समाज है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को अच्छा संस्कार देने पर बल दिया।

# छत्तीसगढ़ की सड़कें बनीं डेथ ट्रैपः अरुण वोरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आमजन में भय और चिंता का माहौल है। गुरुवार को प्रदेश में अलग-अलग हादसों में 12 लोगों की मौत हो गई। महासमुंद, बेमेतरा और बलौदाबाजार में हुए भीषण सड़क हादसों में कई लोगों की जान चली गई, जबकि कई घायल हैं। महासमुंद में राजमार्ग-353 पर कार और ट्रक की टक्कर में राजस्व विभाग के आरआई ताहर सिंह ठाकुर सहित उनके परिवार की दर्दनाक मौत हो गई। इसी तरह, बेमेतरा में टायर फटने से वाहन पलट गया, जिसमें तीन लोगों की मौत और आठ लोग घायल हो गए।

लगातार हो रहे इन हादसों को लेकर पूर्व विधायक अरुण वोरा ने भाजपा सरकार से स्पीड लिमिट पर सख्ती हो और ओवरस्पीडिंग पर कड़ा एक्शन लेने, हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य किया जाए और उल्लंघन पर जुर्माना बढ़ाए जाने, यातायात पुलिस की सतर्कता बढ़ाई जाए और हाईवे पर विशेष निगरानी रखने, जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को ट्रैफिक नियमों की गंभीरता समझाने की मांग की है। उन्होंने सरकार से तुरंत प्रभावी कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखे और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाए।

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ पत्रकार राहुल थिटे नहीं रहे



**दुर्ग।** साकेत कॉलोनी निवासी वरिष्ठ पत्रकार राहुल थिटे 65 वर्ष का शनिवार की मध्य रात्रि नागपुर में हृदयघात से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 मार्च को नागपुर के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी स्व. एमएस थिटे के पुत्र और ममता थिटे के पति व ऋचा थिटे की पिता थे। दुर्ग प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष राहुल थिटे के निधन से प्रेस जगत में शोक की लहर है। उनके निधन पर दुर्ग, भिलाई प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों के अलावा जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों सहित उनसे जुड़े लोगों ने दुख व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी है।

## निधन

### डॉ. प्रतिभा शर्मा



**सेलूद।** गांधी चौक सेलूद के मूल निवासी शिक्षक सुधीर शर्मा की पत्नी डॉ. प्रतिभा शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 16 मार्च की सुबह 11 बजे निज निवास स्थान रायपुरा साईं मंदिर से महादेव घाट रायपुरा के लिए निकली जहां उनका अंतिम संस्कर किया गया। ग्राम सेलूद के लोग इस दुख की घड़ी में बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### सरला बाजपेयी



**दुर्ग।** भिलाई सेक्टर 10, सड़क 18 निवासी सरला बाजपेयी उम्र 80 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 मार्च को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे बीएसपी के पूर्व अधिकारी बृजमोहन कुमार बाजपेयी की पत्नी थीं।

### मोहम्मद मुबारक हुसैन



**भिलाई।** साक्षरता चौक कैम्प -1 निवासी मोहम्मद मुबारक़ हुसैन का 15 मार्च को इंतकाल हो गया। वे पिछले काफ़ी दिनों से बीमार थे। उन्हें रविवार की दोपहर कब्रिस्तान हैदरगंज में सुपुर्दे खाक किया गया। वे मरहूम वली मोहम्मद के बड़े बेटे और मोहम्मद तबारक हुसैन के भाई थे।

### परशुराम सतपथी



**भिलाई।** हरीनगर निवासी परशुराम सतपथी उम्र 76 वर्ष का निधन 16 मार्च को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 मार्च को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान महादेव किराना के पास, हरीनगर से निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी घाट मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे संतोष सतपथी के पिता एवं डॉक्टर लड्डू केशवर त्रिपाठी, अशोक कर एवं संतोष महापात्र के ससुर थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### नलिनी शर्मा



**भिलाई।** पूर्व अध्यापिका नलिनी शर्मा उम्र 84 वर्ष का निधन 16 मार्च की सुबह सेक्टर - 9 अस्पताल में हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ थीं। उनका अंतिम संस्कार 17 मार्च को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 10.30 बजे हुडको स्थित निवास एमआईजी -2 - 486 रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वह संजय शर्मा की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

## पहले दिन होलिका दहन व दूसरे दिन जमकर रंग, गुलाल खेलकर मनाया पर्व

# भाईचारा व सद्भाव के साथ लोगों ने मनाया रंगों का त्योहार होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

ग्राम सेलूद सहित आसपास के गांवों में धूमधाम से होली पर्व शांतिपूर्ण व सदभाव के साथ सभी एक दूसरे से मिले और होली पर्व की बधाई देते हुए आपस में गले मिले। सेलूद के चौक-चौराहों के अलावा गांव के गलियों व रास्ते से गुजरते समय अपने साथ पढ़ाई के समय के मित्र मिले और गांवों से जब गुजरे तो परिचित लोगों में उत्सुकता एवं कोतुहल से मिले व सबको सदभाव से गुलाल लगाते हुए गले लगाकर मिले। सभी ग्रामीण बस्ती का भ्रमण करते समय चौक-चौराहा में रूककर चन्दन, ग़ुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिये।

अंचल में रंगोत्सव का पर्व होली पर गांवों में विभिन्न आयोजन सम्पन्न हुआ। दो दिन के त्योहार में पहले दिन गांवों में शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया। दूसरे दिन सुबह से ग्रामीणों के द्वारा नगाड़ा व फाग के मधुर संगीत के थाप के मध्य दूसरे दिन ग्रामीणों ने जमकर रंग और गुलाल उड़ाए। इस महान पर्व पर रंग गुलाल के साथ नगाड़े बजाकर होली का पर्व मनाया।

होली मन के मैल को मिटाने और आपसी सदभावना एवं भाईचारे बढ़ाने का महान पर्व है, होली का पर्व कोई जाति या धर्म नही देखता इस पर्व में भाई चारा की भावनाएं आहत होती है। होली के महान पर्व में आपसी मतभेद भुलाकर पर्व मनाया गया। उन्होंने पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि अहंकार और असत्य के प्रतीक हिरण्यकश्यप के विरुद्ध जैसे भक्तराज प्रह्लाद ने संघर्ष किया वैसे ही हमें भी अपने जीवन और व्यवहार में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ संघर्ष करें तो यह पर्व निश्चित ही सार्थक होगा। इस अवसर ग्राम के सभी मुहल्लो में नगाड़ा बजाकर फाग गीत गाकर होली पर्व मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के प्रबुद्धजन भी शामिल हुए।

**ग्रामीणों ने जमकर रंग और गुलाल उड़ाए**



### धनोरा में जली नारियल और नींबू की होली



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में होलिका दहन के दिन शाम 4 बजे दरबार के भक्त गण इकट्ठा होकर नाला के पास बिराजे बघुवा के मूर्ती के पास जाकर सभी लोग पूजा पाठ किया। दरबार के लक्ष्मण बाबा, नंद पंडा, मनोज पटेल, पूरन साहू, जस सम्राट एवं अन्य भक्तों के द्वारा पूजा-अर्चना कर बघुवा के मूर्ती पर लाल रंग के चुनरी, पान, फूल, दीपक जलाकर एवं केशरईया रंग के पताका चढ़ाकर विधी विधान के साथ पुजा पाठ करके सभी के सुख शांति समृद्धि के लिए प्रार्थना किया गया। वहीं दरबार के आगे नारियल, नींबू, कपड़ा, भेलवा के होली रचकर नंद पंडा के द्वारा चकमक पत्थर के चिंगारी से होली जलाया गया। दरबार में पहुंचे भक्तों के शरीर से नारियल भेलवा नीबू उतार कर नंद पंडा मनोज पटेल राजू यादव के द्वारा डाला गया फिर सभी भक्त गण अपने अपने घर से लाए कपड़ा नारियल होली मे डालते गये आगे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि इस तरह से होली सिर्फ छत्तिसगढ़ मेहमारे गांव धनोरा दुर्ग में ही जलाया जाता है जिससे सारे परेशानी दुःख दर्द दूर होते हैं और सारे मनोकामनाएं पूरी होती है। हर साल यहां पर होलिका दहन के दिन दरबार में हर जिले से लोग आते हैं और अपने सारे परेशानी दूर करने आते हैं। इस दौरान रोमनाथ साहू, बबलू, गज्जू रायपुरीहा, पूरण साहू, जस सम्राट भोलू खिलेश्वर, ओमकार साहू, विनोद साहू, राजू यादव आदि उपस्थित थे।

### रंग, गुलाल लगाकर नगाड़े की थाप में मनाया होली पर्व

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तिरगा में अबीर, रंग, गुलाल लगाकर नगाड़े की थाप में होली मनाया। यहां एक सप्ताह पूर्व से छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के पारंपरिक होली गीत के साथ नगाड़ा बजाते हुए ग्रामीण उत्साहित रहते हैं। गांव में वर्षों से डंडा नृत्य की परंपरा देखने को मिलता है जिसमें अखाड़ा जैसा डंडा खेलते हुए होली गीत गाया जाता है। सरपंच घसिया राम देशमुख ने पूरे उमंग उल्लास से सराबोर होकर नगाड़ा बजाया एवं होली गीत गाकर त्योहार मनाया। देशमुख ने कहा होली आपसी बैर भाव को भुलाकर प्रेम, मिलन उत्साह का त्योहार है और अहंकारी शक्ति होलिका को पराजित कर श्रीहरि भक्त प्रहलाद की भक्ति के विजय का पर्व है। इस अवसर पर राकेश कौशिक प्र.अ. मजदूर मनरेगा आरटीआई संघ, जितेंद्र देशमुख समाजसेवी, परस राम देशमुख सेवानिवृत्त डाक विभाग, हेमंत ऋषि अ. सर्जना युवा समिति, नवीन ठाकुर, घनश्याम देशमुख, रेखलाल अशोक देशमुख, रोहित, ओमकार, खेमराज बेलचंदन, अनिल दिल्लीवार, श्रवण कुमार, सवेन्द्र महेंद्र निषाद, पारख़, रामनाथ, लुकेश वा अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# बरहापुर में पिछले दो माह से हो रही बंधक गायों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा विकास खंड के ग्राम पंचायत बरहापुर में पिछले दो माह से अज्ञात ग्रामीणों द्वारा शासकीय भूमि स्टेडियम में गायों को बंधक बनाकर रखा गया है। इस स्टेडियम में गायों के लिए किसी भी प्रकार की खाने-पीने की सुविधा नही है और न ही शेड निर्माण होने से आज की स्थिति में गायों की हालत बद्द से बद्तर हो चुकी है। पिछले दो माह में गायों की मरने की संख्या बढ़ते ही जा रही है जिसमें पूर्व प्रकाशन में 4 गायों की मृत्यु को दर्शाया गया था। वहीं रविवार को फिर से दो बछड़ों की मृत्यु हो गई देखी गई है। दुर्भाग्य वश आवारा कुत्तों के द्वारा इन्हें अपना शिकार बनाया जा रहा है, मृत गयो को अज्ञात दोषियों द्वारा ठिकाना लगा दिया जाता है।

पूर्व कांग्रेस की सरकार द्वारा गायों की संरक्षण के लिए गौठान निर्माण किया गया था, जो धरातल पर शून्य रहा। वहीं इसी गाय को लेकर राजनीति छत्तीसगढ़ में हावी होती है बीजेपी की सरकार बनती है गायों के संरक्षण के लिए कई नियम कानून बनते हैं। सरकार के बजट में लाखों रुपए का प्रावधान है। इस देश में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दंडित करने का प्रावधान के बावजूद पिछले दो माह से मर रही गायों की सुध लेने वाला एवं अज्ञात दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने वाला कोई भी राजनेता या आला अधिकारी तैयार नहीं है।

**कार्रवाई की जाएगी**

"पूर्व में पंचायत को नोटिस दिया गया था जिसमें कुछ ग्रामीणों द्वारा लिखित में जवाबदारी ली गई और समझाइश भी दी गई थी बावजूद पशुओं की मृत्यु होने की जानकारी मिली है जिस पर विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

**किरण कौशिक,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा

- प्रशासन पूर्ण रूप से मौन, कोई भी कार्यवाही नहीं

**पशु क्रूरता अधिनियम के तहत हो सकती है कार्रवाई**

भारतीय न्याय संहिता में पशुओं के संरक्षण एवं उन पर होने वाली क्रूरता पर धारा 325 के तहत किसी भी जानवर को अनावश्यक पीड़ा या यातना करना अपराध माना गया है जिसके लिए 5 साल की कैद और जुर्माना भी लग सकता है। बावजूद इन गायों को मरने की राह में छोड़ने वाले अज्ञात दोषियों के ऊपर अभी तक के कोई भी कार्यवाही प्रशासन के द्वारा नहीं की जा रही है।

## मानिकपुरी पनिका समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई के द्वारा कबीर मंदिर एवं सत्संग स्थल पंथी चौक बोरसी रोड रुआबांधा भिलाई में होली मिलन समारोह का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा आमंत्रित हैं।

विशेष अतिथि ललित चन्द्राकार विधायक दुर्ग ग्रामीण, ताम्रध्वज साहू पूर्व केबिनेट मंत्री छग शासन, शशि सिन्हा महापौर रिसाली नगर निगम सादर आमंत्रित थे। इसके अलावा गणमान्य जन, समाज के सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में महंतों द्वारा संध्या आरती, कबीर पंथी, फाग गीत, होली मिलन गुलाल एवं चंदन के टीका लगाकर फूलों की पंखुड़ियों के छिड़काव से धूमधाम के साथ होली मिलन मनाया गया। तत्पश्चात होली जलाकर नगाड़े के थाप में फाग गीत गाकर होली का आनंद लिया।

## सेलूद के भाजपाइयों ने सांसद विजय से की मुलाकात

**सेलूद।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद विजय बघेल के जन्मदिन पर ग्राम सेलूद के भाजपा नेताओं ने भिलाई निवास पहुंचकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। बधाई देने वालो में खेमलाल साहू पूर्व मण्डल अध्यक्ष, हरिशंकर साहू मण्डल महामंत्री, खेमिन साहू निवर्तमान सरपंच, कृष्णकुमार साहू, चंचल यादव पूर्व उपसरपंच, लवण बंजारे, पंचगण सुशील ठाकुर, जय प्रकाश साहू, प्रिया देवांगन, नीतू बंछोर, सुनीता ठाकुर, साथ ही किरण सोनवानी, तारेंद्र बंछोर, महेश्वर बंछोर, बूथ अध्यक्ष जयन्त साहू, उमेश सिन्हा, हरिशंकर साहू, गैंदलाल बंछोर, तुकाराम सेन, नरोत्तम साहू, राजकुमार साहू, पीताम्बरी साहू, कामिनी साहू, अनिता सिन्हा, रोहिणी साहू, मुस्कान बंछोर, धनेश्वरी बघेल, लक्ष्मी चक्रधारी, दीपिका चक्रधारी, सरस्वती सिन्हा, सरोज मेश्राम, राज बंछोर, देवेंद्र साहू, देवेश साहू, देवेंद्र वर्मा सहित भाजपाइयों की उपस्थिति रही।



## रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयंत्र स्थापित बढ़ेगा भू जल स्तरः डॉ. शिखा

**जामगांव आर।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर भरर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयंत्र को स्थापित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने बताया कि शासकीय स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग के सहयोग से भूगर्भ शास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ. श्रीनिवास देशमुख एवं डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में पीएम उषा मद से यह कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर डॉ. विकास स्वर्णकार के नेतृत्व में 27 सदस्य विद्यार्थियों के दल ने महाविद्यालय का भ्रमण एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयंत्र का निरीक्षण किया। डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को बताया कि गिरता हुआ भूजल स्तर आने वाले समय में बड़ी चिंता का विषय है। भू जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयंत्र बहुत उपयोगी है। संयंत्र की स्थापना के लिए महाविद्यालय के पीछे एक गड्ढा रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए बनाया गया है जिसकी क्षमता 2000 लीटर है महाविद्यालय के प्राचार्य ने इसके लिए भूगर्भ शास्त्र विभाग को कृतज्ञता व्यक्त करते हुए नैक प्रत्यायन में इसका लाभ मिलने की बात कही। इस अवसर पर प्रो. नीता कुंभारे, प्रो. आरके तिवारी, डॉ. नरेश दीवान, प्रो. एएस ठाकुर, डॉ. इंद्रजीत, चेतना सोनी, डॉक्टर अरूणेन्द्र कुमार तिवारी, डॉ. संतोष कुमार पांडे, मनोज यादव, मुकेश कठौतिया, मनीष साहू, डॉ. लता मार्कंडेय, मेजराम जोशी भी उपस्थित थे।




# जल संकट से निपटने सांसद ने की पहल, छोड़ा गया पानी

## कलेक्टर व सिंचाई विभाग के अफसर को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गर्मी के इस सीजन में जिले का भूजल स्तर काफी नीचे गिरते जा रहा है। इससे गांव और शहर में भी जल संकट की स्थिति निर्मित हो रही है। बोर, ट्यूबवेल, तालाब सब सूखने लगे हैं, खेतो में खड़ी फसलों की सिंचाई से लेकर निस्तारी के लिए समस्या बढ़ने लगी है। ऐसे में दुर्ग लोक सभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को देखते हुए बड़ी पहल की है।

जिले के कलेक्टर और सिंचाई विभाग अधिकारी को निर्देश दिए है की वे जिले की जरुरी व्यवस्था को देखते हुए जलाशय से पानी छोड़े। सांसद विजय बघेल के निर्देश पर सिचाई विभाग ने जलाशय से नहरो में पानी छोड़ दिया है। जो जलाशय से नहरो के माध्यम से होते हुए जिले के विभिन्न इलाको में पहुंच जायेगा। सांसद विजय बघेल ने पूरे दुर्ग लोक सभा क्षेत्र वासियो से अपील करते हुए कहाँ हैकि जलाशयों में इस बार पानी कम है. सिर्फ 40 प्रतिशत ही पानी बचा है। इस लिए लोग पानी का सद उपयोग करें। एक एक बून्द पानी की कीमत को समझने और व्यर्थ बहने ना दे। दुर्ग जिला सहित बेमेतरा के गांवों के तालाबों को भी नहर से पानी सप्लाई करके भरा जाएगा। इससे एक ओर जहां लोगों को पीने और निस्तारी के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। इससे जिले का भूजल स्तर भी बढेगा। दुर्ग जिला सहित बेमेतरा के गांवों के तालाबों को भी नहर से पानी सप्लाई करके भरा जाएगा। इससे एक ओर जहां लोगों को पीने और निस्तारी के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। इससे जिले का भूजल स्तर भी रिचार्ज होगा। खेत में खड़े फसलों को पानी मिलेगा तो किसानों को लाभ होगा। सांसद विजय बघेल ने सभी आम जानो से अपील की है की सभी जन जलशय के इस पानी को सभी जगह तक पहुँचाने में सिचाई विभाग के अधिकारी और कर्मचारी का पूरा सहयोग करे।



- सांसद ने की अपील, पानी के एक एक बून्द का महत्व समझे और व्यर्थ ना बहने दे

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।




## परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा की हुई बैठक, 25 को कर्मा जयंती मनाने लिया निर्णय

**सेलूद।** परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा एवं स्थानीय साहू समाज सेलूद के संयुक्त तत्वावधान में तहसील साहू संघ पाटन के निर्देश पर परिक्षेत्र स्तरीय बैठक का आयोजन कर्मा भवन सेलूद में रविवार को आयोजित किया गया। बैठक की शुरुआत समाज की अधिष्ठात्री भक्त माता कर्मा की आरती के साथ हुआ। बैठक के मुख्य वक्ता डॉ. गुलाब साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन ने कहा कि साहू समाज द्वारा 22 वर्षों से विशाल कर्मा जयंती महोत्सव के माध्यम से पाटन तहसील के सभी 99 इकाई के परिवार को एक साथ एक मंच पर शामिल किया जाता है। साथ ही सामूहिक आदर्श विवाह के द्वारा वर्तमान समय में फिजूल खर्ची को बचाकर नवविवाहित जोड़ा और उनके परिवार को आर्थिक नुकसान से भी बचा रहे हैं। समाज के प्रत्येक परिवार द्वारा 5 किलो अन्न एवं 50 रुपए दान के बदौलत विशाल आयोजन सफल होता है। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने विषयवार सभी इकाई अध्यक्षों को जानकारी दिए एवं 20 अप्रैल को अमलेश्वरडीह में आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह कर्मा जयंती महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी निभाने का निवेदन किए। सहसचिव विमला साहू ने समाज के महिलाओं को कलश यात्रा में शामिल होने की बात कही। इस अवसर पर सेलूद के नवनिर्वाचित उपसरपंच राकेश साहू एवं पंचों का स्वागत स्थानीय साहू समाज द्वारा किया गया साथ ही सेलूद में पापमोचनी एकादशी पर्व 25 मार्च को कर्मा जयंती मनाए का निर्णय लिया गया।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## जमकर हुई मारपीट आरोपी फरार

कुम्हारी। होली के दिन शुक्रवार को दोपहर क़रीब 3 बजे दो पक्षो के बीच जमकर मारपीट हुई। घायलों का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है वहीं आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आजाद चौक वार्ड 2 में दुष्यंत सोनकर (24 वर्ष) और मोहल्ले के लोग बाक्स लगाकर नाच गा रहे थे, उसी समय सतनामी पारा कुम्हारी के अक्षय, विजय, लक्की नेताम और उसके साथी मोहल्ला में आकर जबरन नाच गाना करने लगे तब दुष्यंत सोनकर और मोहल्ले के लोगों ने इसके लिए उन्हें मना किया तो वे सभी गाली गलौज करने लगे, जिसे मना करने पर अक्षय, विजय, लक्की और उसके साथियों ने दुष्यंत सोनकर और लोगों को गंदी गंदी गालिया देते हुए तुम कौन हो मना करने वाले कहकर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे चाकू जैसी चीज लाठी और राड से मारपीट करने लगे जिससे दुष्यंत सोनकर (24 वर्ष) के सिर, हाथ, पैर और पीठ, में चोट आई और खून निकलने लगा। इसी बीच दुष्यंत सोनकर की माँ एवं राकेश यादव तथा मोहल्ले के लोग छुडाने लगे उसी बात पर अजय यादव, राहुल यादव, कामदेव यादव, ताराचंद पटेल उर्फ तामडू तथा मोहल्ला के लोगो को भी उन्होंने गंदी गंदी गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की और चोट पहुचाया। इस मारपीट से दुष्यंत सोनकर और उसकी मां सहित राकेश यादव(27 वर्ष), अजय यादव(26 वर्ष), राहुल यादव(25 वर्ष), ताराचंद पटेल 26 वर्ष), और कामदेव यादव (26 वर्ष) को सीना और कमर मे चोट आई है जिनका उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी दुष्यंत सोनकर की माँ विशाखा सोनकर की रिपोर्ट पर स्थानीय पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5), 118(1) बी एन एस के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में बायोमेट्रिक सभी जगह संभव नहीं

## सेल कांट्रेक्टर एसो. ने ईडी पात्रता मापदंड, कांट्रेक्टर पंजीकरण पर की चर्चा, मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार से पात्रता मापदंड, कांट्रेक्टर व नवीनीकरण,मजदूरों आदि केमुद्दों के जल्द निदान की मांग की है। ईडी ने समाधान का आश्वासन दिया है।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ईडी पवन कुमार के साथ हुई बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष केए अब्दुल कादर ने कहा कि बीएसपी में बायोमेट्रिक हर जगह संभव नहीं है। शट डाउन, ब्रेकडाउन, आकस्मिक मरम्मत और अत्यधिक ऊंचाई पर किए जाने वाले जॉब में समयबद्ध हाजिरी लगाते हुए काम नहीं हो सकता। पदाधिकारियों ने बताया कि बहुत से विभागों में बायोमैट्रिक सिस्टम बंद भी पड़ा है। ईडी ने आश्वस्त किया कि दो महीने में समीक्षा कर व्यवस्था में सुधार कर लिया जाएगा। बायोमैट्रिक सिस्टम एक नीतिगत मामला है, इसलिए इसे बंद नहीं कर सकते। एसोसिएशन ने कहा कि वर्तमान में जिन ठेका श्रमिकों के लिए 7 दिन का अस्थाई पास (टीपी) बनाया जाता है। ग्रुप इंश्योरेंस का भी निदान किया जाए। ईडी पवन कुमार ने कहा कि सभी मुद्दों पर चर्चा कर समाधान निकाला जाएगा। एसोसिएशन द्वारा ग्रुप इंश्योरेंस अप्रैल से लागू करने का आग्रह किया गया। उन्हें बताया गया कि पात्रता मापदंड को लेकर केंद्रीय सूचना आयुक्त (सीआईसी) के आदेश के बावजूद पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया। ओ.एंड एम विभाग द्वारा पंजीकरण नवीनीकरण में जारी और अपूर्ण काम की व्याख्या का तरीका तर्कसंगत नहीं होने के कारण कांट्रेक्टरों को अनुभवी के रूप में मान्यता नहीं मिलती है। निविदाएं खोलने में पारदर्शिता का अभाव है। निविदाएं लॉटरी सिस्टम के माध्यम से खोली जाती हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि हाल ही में टाउनशिप में रेट कॉन्ट्रैक्ट (आरसी) सिविल में 70 पंजीकृत ठेकेदारों ने भाग लिया, जिसमें से केवल 33 का चयन लॉटरी सिस्टम से हुआ। सभी पंजीकृत पार्टियां इच्छुक थीं। लेकिन उन्हें काम नहीं मिला। इस पर ईडी पवन कुमार ने कहा कि आरसी की पूरी व्यवस्था का परीक्षण कर सम्मानजनक हल निकाला जाएगा।

### रेट कांट्रेक्ट में हो पारदर्शिता



एसोसिएशन ने बताया कि रोटेशन के आधार पर रेट कॉन्ट्रैक्ट (इलेक्ट्रिकल) देने में अनियमितताएं बरती जा रही है। पिछले 10-15 वर्षों से बहुत सारी पार्टियां सूचीबद्ध हैं, लेकिन उन्हें कोई काम नहीं मिल रहा है। पदाधिकारियों ने कहा कि छोटे कार्य आदेशों को समाप्त कर उन्हें बड़ी निविदाओं में परिवर्तित किया जा रहा है। वर्तमान में 500 ठेकेदार विभिन्न वर्गों और श्रेणियों के तहत पंजीकृत हैं, प्रबंधन सभी को काम प्रदान करने में सक्षम नहीं है। औद्योगिक संबंध के मुद्दों पर ईडी पवन कुमार ने एसोसिएशन से सीजीएम (आईआर) से मिलने कहा। एसोसिएशन के महासचिव सी.के मोहन, कोषाध्यक्ष के. तुलसी धरण पिल्लई, वाइस प्रेसिडेंट के. ए. अंसार, आरएसकुरूप, उप महासचिव एनपी मिश्रा, मनीष शर्मा, के. विजय कुमार, के. थंगराज, संजय गुप्ता और बलिराम यादव उपस्थित थे।

## स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक ने बंद सुविधाओं को जल्द शुरु करने की मांग की

# औद्योगिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाई रिपीट और लोन आनलाइन बंद

### बीएसपी कर्मियों की बढ़ी परेशानी,यूनियन ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के संयंत्र भवन स्थित औद्योगिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्माशिस्ट के रिटायर होने के बाद दवाई रिपीट किए जाने की व्यवस्था बंद हो जाने से कर्मचारियों को भारी परेशानी हो रही है। साथ ही कर्मियों के सीपीएफ लोन रिकवरी राशि को बढ़ाने के लिए आनलाइन सुविधा को भी बंद कर दिया गया है। इस पर स्टील इंम्लाइज यूनियन इंटक ने नाराजगी जाहिर करते हुए दोनों सुविधा को जल्द शुरु किए जाने सहित अन्य लंबित समस्याओं को निदान की मांग प्रबंधन से की है।

यूनियन की कार्यकारिणी की हुई बैठक में यूनियन नेताओं ने मेन गेट की बंद गैलरी को खोलने एवं सीपीएफ लोन पर रिकवरी राशि को बढ़ाने की ऑनलाइन सुविधा शुरू करने की मांग की। सचिव अजीत मोहन सोनी ने कहा कि संयंत्र में तबीयत खराब होने पर संयंत्र भवन स्थित औद्योगिक स्वास्थ्य केंद्र मे डॉक्टर को दिखाते थे। दवाई भी रिपीट कराते रहे हैं लेकिन यह सुविधा बंद कर दी गई है। स्टाफ का कहना है कि फार्मासिस्ट के रिटायर हो जाने के बाद यह सुविधा बंद कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र पर दवाई रिपीट की सुविधा जारी रहने से संयंत्र कर्मचारियों को बहुत राहत थी। बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम शुरू होने के बाद कर्मचारी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। इसे देखते हुए यहां पर यह सुविधा होना जरूरी है। इसे जल्द शुरू किया जाए।



### प्रबंधन से होगी चर्चा

यूनियन ने सीपीएफ लोन रिकवरी की ऑनलाइन जल्द ही फाइनेंस डिपार्टमेंट के उच्च अधिकारियों से चर्चा कर इसे शुरू करने का आश्वासन दिया। मेन गेट की गैलरी बढ़ाने जल्दी उच्च प्रबंधन से चर्चा करने की बात कही। बैठक में महासचिव वंश बहादुर सिंह कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा उप महासचिव सी पी वर्मा रमाशंकर सिंह शिव शंकर सिंह जी आर सुमन विंसेंट पटेरा राकेश तिवारी राजकुमार अजीत मोहन सोनी गणेश सोनी शैलेंद्र कांत सक्सेना आदि उपस्थित थे।

### मेन गेट पर बढ़ाएं

शैलेंद्रकांत सक्सेना ने कहा कि मेन गेट की दो गैलरी हमेशा बंद रहती है। बीएसपी कर्मचारियों के लिए सिर्फ एक गैलरी खोली जाती है जिससे बहुत लंबी लाइन लग जाती है। यहां पर बंद गैलरी को खुलवाया जाए एवं दो गैलरी को बीएसपी कर्मचारियों के लिए रिजर्व किया जाए। पहले सीपीएफ टेंपरेरी लोन लेने पर रिकवरी राशि को बीच में बढ़ाने की ऑनलाइन सुविधा शुरू की जाए महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि संयंत्र भवन स्थित औद्योगिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट उपलब्ध नहीं कर पाना मेडिकल विभाग की सबसे बड़ी विफलता है। इस मुद्दे पर महाप्रबंधक पर्सनल (संकार्य) सूरज कुमार सोनी से भी शिकायत की गई है यदि जल्द से जल्द यहां फार्मासिस्ट की पोस्टिंग कर दवाई रिपीट की सुविधा नहीं शुरू की गई तो इंटक यूनियन कड़े कदम उठाएगा।

## बंद फ्रिजर में रखा शव और शरीर काला पड़ने पर परिजनों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ सुपेला स्थित शास्त्री अस्पताल का मामला

शव का पीएम कराने के दौरान परिजनों ने जमकर हंगामा कर दिया है। घटना सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के मरचूरी का है।शनिवार की दोपहर पीएम के समय ही हंगामा हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक परिजनों का आरोप था कि शव को सही हालत में रखा गया था, लेकिन 24 घंटे बाद निकालने पर वह काला पड़ चुका था। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन की लापरवाही बताकर शव को बंद फ्रीजर में गलत तरीके से रखने का आरोप लगाया। उमदा भिलाई तीन निवासी सतनाम सिंह 42 वर्ष अपने मकान में 13 मार्च की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सतनाम के बड़े भाई गोविंद सिंह के मुताबिक घटना की जानकारी 14 मार्च की सुबह उन्हें हुई। मकान के भीतर जाकर कमरे का दरवाजा खोलने पर शव फांसी के फंदा पर लटका मिला। घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दिया। शव को पीएम के लिए सुपेला अस्पताल के मरचूरी में रखवा दिया गया। 15 मार्च को शव का पीएम होना था, लेकिन जब परिजन मरच्युरी पहुंचे और शव को फ्रीजर नंबर-3 से निकाला गया। तो परिजनों ही उसके शव का शिनाक्त नहीं कर पा रहे थे। अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। अस्पताल प्रभारी डॉ. पीएम सिंह का कहना है कि कई बार ड्रग या जहर आदि का सेवन करने के कारण ही शव काली पड़ जाता है। मामले में भी शव के कुछ सैंपल लेकर फॉरेंसिक लैब में जांच के लिए भेजे गए हैं। काला पड़ने का कारण पीएम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## चाय ठेले में तोड़फोड़, पुलिस में की शिकायत



भिलाई। होली की रात चाय दुकान को अज्ञात ने तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर ठेले को सड़क के बीच में पुलिस लाइन गेट के सामने छोड़कर फरार हो गया। घटना की लिखित शिकायत दुर्ग कोतवाली पुलिस में की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक गंजमंडी के पास बने जीवन प्लाजा के सामने वार्ड 36 गंजपारा निवासी संतोष शर्मा का चाय ठेला था। 13-14 मार्च की दरम्यानी रात अज्ञात द्वारा ठेले में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर नुकसान पहुंचाया गया। संतोष शर्मा ने बताया कि पुलिस लाइन दुर्ग निवासी चंदू नामक युवक 500 रुपए उधारी का लग रहा है। संतोष जब उससे रुपए लौटाने की बात कही तो चंदू ने चाय ठेला को तोड़फोड़ करने की धमकी दी थी। जिसका नामजद शिकायत पुलिस में किया है। पुलिस ने घटना को लेकर आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगालने के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। उक्त घटना दुर्ग कोतवाली थाने के सौ मीटर की दूरी पर ही हुआ है, लेकिन पुलिस तक को इसकी खबर नहीं हो पाई है।

## भिलाई संयंत्र में धूल के गुबार से मिले निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ सीटू ने सीजीएम से की मांग

सीटू यूनियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन के बैटरी 11 के आसपास धूल के गुबार से निजात दिलाने की मांग प्रबंधन से की है। सीटू नेता एसपी डे प्रतिनिधि मण्डल के साथ मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे। सीटू नेता एसपी डे ने मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा से बैटरी-11 के पास धूल के मुद्दे पर, विशेष कर बकेट चार्जिंग कार ऑपरेटरों के खूले केबिन में डस्ट से बचाव के लिए उपाय करने यूनियन की ओर से जो सुझाव दिए गए थे, उस पर क्या प्रगति हुई है। इस पर सीजीएम के गोल मोल जवाब देने पर दोनों के बीच थोड़ी बहस भी हुई।

सीटू पदाधिकारियों ने बताया कि कोक ओवन बैटरी 11, सी एस पी 4, सीएचएम-4, सीआरएम के कर्मी, सीसीडी-3, टी एण्ड डी रॉ मटेरियल स्टेशन, ब्लास्ट फर्नेस 8 - स्टॉक हाउस के कर्मी, सभी इस धूल भरे क्षेत्र में काम करने के लिए बाध्य हैं, किंतु बकट कार ऑपरेटरों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। रिटर्न सिंटर लाइन ब्लास्ट फर्नेस 8 स्टॉक हाऊस, बैटरी 11 लिफ्टर से एक साथ जब धूल उत्सर्जित होती है तब 10 मीटर की दूरी के बाद सब कुछ अदृश्य हो जाता है यहां काम करने वाले कई कर्मियों को फेफड़े की बीमारी की शिकायत शुरू हो गई है। कई कर्मियों को व्यावसायिक स्वास्थ्य परीक्षण में कई कर्मचारी पीईटी (पद्मश्री फंक्शनल टेस्ट) में वांछित परिणाम नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं।

सीटू नेता का कहना है कि हर स्तर पर कर्मियों द्वारा धूल का मुद्दा उठाया जा रहा है। पीछले 24 फरवरी को लार्ज ग्रुप इंटरैक्शन बैठक में भी यह मुद्दा उठा था। 5 मार्च को भी को कोक ओवन के मुख्य महाप्रबंधक को लिखित में धूल से बचाव के लिए कुछ उपाय सुझाए गए थे। लेकिन कोक ओवन प्रबंधन का रूख पूरी तरह उदासीन है।

## पशु क्रुरता का विरोध करने पर मीडिया कर्मी के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ सुपेला पुलिस ने किया कार्रवाई

पशु क्रुरता का विरोध करने पर मीडिया कर्मी के साथ शिक्षक के द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3(5) जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया गुरुवार को भिलाई निवासी स्कूल का प्राचार्य सचिन शुक्ला ने अपने साथी पड़ोसी अवनीश कुमार के साथ मिलकर मीडिया कर्मी दीनदयाल कॉलोनी, जुनवानी रोड निवासी लाभेश घोष के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर दिया। मीडिया कर्मी बेजुबान को मारने से रोक रहा था इस कारण उसके साथ मारपीट किया गया। लाभेश के मुताबिक स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में पशु क्रूरता के खिलाफ आवाज बुलंद करने पर सचिन शुक्ला नामक व्यक्ति ने उस पर गाली-गलौज कर मोबाइल छीनने के साथ मारपीट भी किया। मानसिक रूप से प्रताड़ित किया साथ ही सरेआम लाभेश के साथ अपमानित भी आरोपी ने किया। इन सब में उसका साथ पड़ोसी और दोस्त अवनीश कुमार ने दिया। सचिन शुक्ला एक शिक्षक हैं डीएवी स्कूल शाखा में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। फिलहाल दोनों की गिरफ्तार अभी नहीं हो पाई है।

## कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन को कई बार बेचा, पुलिस में जुर्म दर्ज

### जमीन दलालों का कारनामा हुआ उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाई
■ नएक जमीन को कई बार बेचा गया

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन को कई बार बेचने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 120 बी, 420, 467, 468, 34 के तहत कार्रवाई की गई है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कोहका वार्ड 13 निवासी सर्वेश्वर दयाल मिश्रा ने शिकायत किया है कि कुंजलाल की भूमि पूर्व खसरा नंबर 69/3 वर्तमान खसरा नबंर 76/1 जमीन 2 एकड 20 डिसमिल की भूमि थी। उसे विभिन्न टुकड़ों में भूमि को 18 जुलाई 1978 में बेचा गया। कुंज लाल ने जाति कुर्मी बताया था। व्रिकयशुदा भूमि को आरोपियों ने दस्तावेजों में कुटरचना कर पूर्व पंजीकृत, भूमि खसरा नम्बर 69/3 नया खसरा 76/1 का विक्रिय आरोपियों ने धोखाधड़ी कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर कुंजलाल के माध्यम से हफीजुल्ला, राजू खान ने 14 अगस्त 2007 को दोबारा विक्रय का पंजीयन कार्यालय दुर्ग में खसरा नंबर 69/3 रकबा 2.20 एकड़ भूमि को करा लिया। जिसमें भूमि विक्रेता का नाम कुंजलाल जाति सतनामी भूमि खसरा नम्बर पुराना नंबर 69/3 बंदोबस्त के बाद नंबर 76/1 कागजों में कूटरचना की गई। आरोपी राजेश प्रधान, खेमराज के द्वारा पंजीकृत दस्तावेज में षड़यत्र करते हुए गवाह हस्ताक्षर किया गया। पंजीयन का दस्तावेज का निष्पादन भी कूटरचित तरीके से दस्तावेज लेख के माध्यम से कराया गया। जमीन 69/3 का टुकड़ा में से 4800 वगर्फीट गिरधारी लाल शर्मा ने मूल किसान कुजंलाल देखमुख से क्रय की गई। मृत्यू के बाद भूमि एक मात्र उत्तराधिकारी गुलाब देशी शर्मा के नाम पर फौती उठने के बाद नाम दर्ज किया गया। उक्त भूमि को वर्ष 2006 में सर्वेश्वरदयाल मिश्रा के द्वारा संयुक्त नाम से पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर भूमि को क्रय किया। जो कि भूमि विक्रय का कार्य करते हैं आरोपियों द्वारा एक बार विक्रय की गई भूमि को कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से दूसरी बार बेचा गया। न्यायालय दुर्ग के आदेश पर सुपेला पुलिस ने जमीन की धोखाधड़ी मामले में कोहका निवासी कुंजलाल, अशरफी रोड फरीद नगर हफीजजुल्ला खान,राजू खान,कृपाल नगर कोहका राजेश प्रधान,कुरुद रोड कोहका खेमराज पर धोखाधड़ी का अपराध कायम किया है।



By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

महाराष्ट्रियन मित्र मंडल सांसद बघेल से मिला, कहा -स्वतंत्रता सेनानी को मिले सही सम्मान

# दुर्ग के प्रथम सांसद किरोलीकर की स्मृति में हो वायशेप ब्रिज का नामकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



महाराष्ट्रियन मित्र मंडल के द्वारा सांसद विजय बघेल से मिलकर दुर्ग के प्रथम सांसद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वासुदेव श्रीधर किलोरीकर की स्मृति में दुर्ग में वायशेप फ्लाईओवर, दुर्ग रेलवे स्टेशन अथवा प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स प्रियदर्शिनी नगर भिलाई का नामकरण किए जाने की मांग की है। श्री बघेल ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया है।

मित्र मंडल के पदाधिकारी और पूर्व सांसद स्व. किरोलीकर के परिजन विजय किरोलीकर और मृगया किरोलीकर सहित अध्यक्ष सुबोध देशपांडे, शरद भाकरे, शिरीष वाकणकर, श्री चौरे, चेतन कोलते, कोराने और हिमांशु वर्मा देशमुख,श्री बघेल को ज्ञापन सौंपकर प्रथम सांसद के योगदान को महती बताते हुए इसके अनुरुप सम्मान दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि दुर्ग संसदीय क्षेत्र के प्रथम सांसद किरोलीकर ने देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता आंदोलन में दुर्ग के स्वतंत्रता सेनानियों के साथ मिलकर सक्रिय अवदान दिया था। स्व. किरोलीकर ने स्वतंत्रता सेनानी मोहनलाल बाकलीवाल, चंडीप्रसाद गुप्ता, जमना प्रसाद कसार आदि के साथ भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जुलूस निकालकर उन्हें अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ नारेबाजी कर दुर्ग कचहरी में तिरंगा फहराया। नतीजतन अंग्रेजों ने उन्हें तीन बार कारावास का दंड दिया गया। स्वतंत्रता में उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें ताम्रपत्र देकर सम्मानित भी किया था। उनका नाम आज भी अधिवक्ता संघ और जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पट्टिका में अंकित है। स्व. किरोलीकर की प्रपौत्री मृगया किरोलीकर ने प्रथम सांसद के योगदान को देखते हुए दुर्ग के सांसद श्री बघेल से दुर्ग , वायशेप फ्लाइओवर, रेलवे स्टेशन या अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स काम्पलेक्स प्रियदर्शिनी परिसर भिलाई -का नामकरण स्व. किरोलीकर के नाम रखे जाने का आग्रह किया है। श्री बघेल ने भरोसा दिलाया है।

### दूसरी बार प्रत्याशी बनने से किया इनकार

स्वतंत्रता सेनानी वासुदेव श्रीधर किरोलीकरण ने अपनी राजनीतिक शुचिता से देश की आजादी में योगदान के साथ आजाद भारत के विकास में भी योग दिया। बतौर अधिवक्ता भी गरीबों को न्याय दिलाया। देश आजाद होने के बाद दुर्ग के स्वतंत्रता सेनानी विश्वनाथ यादव तामस्कर ने उनकी देशभक्ति व जनाधार को देखते हुए 1952 में हुए प्रथम चुनाव में दिल्ली ले जाकर प्रधानमंत्री पं नेहरु से मिलाकर दुर्ग से लोकसभा से प्रत्याशी बनवाने में मदद की। किरोलीकर ने यहां से प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के गंगाप्रसाद को पराजित कर प्रथम सांसद होने का गौरव हासिल किया। उन्हें 57 के चुनाव में भी पार्टी से टिकट की पेशकश की गई लेकिन स्वाभिमानी स्व. किरोलीकरण ने अन्य कार्यकर्ताओं को मौका मिलने की बात कर विनम्रता से इनकार कर दिया। और मोहनलाल बाकलीवाल सांसद निर्वाचित हुए। परिजनों ने इसके पूर्व भी कलेक्टर व अन्य जन प्रतिनिधियों से सही मूल्यांकन का आग्रह किया था। लेकिन 76 साल बाद भी यथोचित सम्मान नहीं मिल पाया है। लेकिन अब परिजनों व समाज को नई उम्मीद जगी है।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ्रोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 17 मार्च 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129






रोजा-इफ्तार में दिखा सर्वधर्म समभाव का एक नजारा

● बच्चों सहित सभी वर्गों ने जमकर खेली होली, कड़े सुरक्षा के बीच उड़े रंग-गुलाल, दी एक-दूसरे को बधाई

# होली में जोश और उमंग, चारों ओर बिखरे खुशियों के रंग... रमज़ान के जुमे की नमाज़ भी हो गई... ट्विनसिटी में हमेशा की तरह खुशनुमा रही होली

भिलाई। दुर्ग-भिलाई समेत पूरे ट्विनसिटी में शुक्रवार को सुबह से होली की उमंग और खुशियों के रंगों से सराबोर हो गया था। शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक रंगों का जादू सिर चढ़कर बोलता रहा। दुर्ग-भिलाई, रिसाली, चरोदा सहित सभी स्थानों में लोगों ने जमकर होली खेली। होली की खुशियों के बीच इन सभी क्षेत्रों मे रमजान के जुमे की नमाज़ भी अदा हो गई। ट्विनसिटी में हर तरफ जश्न का माहौल बना रहा। होली पर्व के कारण मस्जिदों में रमजान के जुमे की नमाज़ का समय एक घंटा बढ़ा दिया गया था। दोपहर दो से ढाई बजे के बीच नमाज़ भी अदा हो गई थी। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, भिलाई महापौर नीरज पाल सहित सभी नेताओं ने अपने निवास पर पूरे क्षेत्रवासियों के साथ होली खेली। इस दौरान बेहद खुशनुमा महौल सभी जगह दिखाई दिया। होली पर्व पर हमेशा की तरह इस बार भी कड़े सुरक्षा इंतज़ाम किए गए थे। चप्पे- चप्पे पर पुलिस नज़र आई, लेकिन यह व्यवस्था त्योहार की खुशियों में बाधा नहीं, जश्न में सुरक्षा के लिहाज़ से ही की गई थी। इस इंतज़ाम के बीच सभी क्षेत्रों में हुरियारों की टोलियाँ सुबह से ही नज़र आने लगी थीं। पूरे शहर में दोपहर तक जोश और उत्साह से होली खेली गई।



## ब्रजमंडल भिलाई में हर्षोल्लास के साथ हुआ होलिका दहन, खेली होली



**भिलाई।** ब्रजमंडल भिलाई के गीताभवन प्रांगण में होलिका दहन कर होली खेली गई। इस दौरान ब्रजमंडल कार्यकारिणी के अध्यक्ष राकेश कुमार यदुवंशी एवं कार्यकारी अध्यक्ष भुवनेश दीक्षित उपस्थित थे। पंडित सुनील द्विवेदी द्वारा मंडली द्वारा ब्रज के होली फाग गीतों की मधुर प्रस्तुति दी गई। शाम को महाआरती के बाद पं सरजू प्रसाद द्विवेदी ने होलिका पूजन कराया। विधि-विधान से पूजा के कर होलिका दहन किया गया। श्रद्धालुओं ने होलिका में कपूर, लौंग और इलायची एवं नारियल अर्पित किया। सभी श्रद्धालुओं ने होलिका की परिक्रमा लगाते हुए होलिका माता की जय और भक्त प्रहलाद एवं भगवान नारायण के भी जयकारे लगाए। इस अवसर पर ब्रजमंडल कार्यकारिणी अध्यक्ष राकेश कुमार यदुवंशी, राकेश कुमार गुप्ता, एम.पी.सिंह सहित वरिष्ठ सदस्य डॉ. आर.के. मंगल, उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, अतवीर सिंह राघव, प्रदीप वर्मा, सूरज मंगला, शील कुमार राघव, विरेन्द्र कुमार शर्मा, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, राजेश शर्मा, दिलीप वर्मा, हरीश कुमार गुहे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। होलिका दहन के बाद भगवान राधा कृष्ण के साथ फूलों से होली खेली गई और आपस में सभी श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल से तिलक होली खेली।






## यह सृष्टि कर्म क्षेत्र है, जो करेगा सो पाएगा- बीके रुपाली



**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के केलाबाड़ी स्थित राजऋषि भवन दुर्ग में होली मनाया गया।इस अवसर पर निराकार परमपिता परमात्मा शिव के महावाक्य के द्वारा होली के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए वरिष्ठ राजयोगी शिक्षिका बी.के.रूपाली बहन ने बताया निराकार परमात्मा ने हम सभी को बताया है कि होली में सबसे पहले होलिका दहन करते हैं और दूसरे दिन रंगपंचमी होता है जिसमें एक दूसरे को रंग लगाते हैं इसका आध्यात्मिक रहस्य है कि सर्व मनुष्य आत्माओं के परमपिता शिव नई सतयुगी सृष्टि के स्थापना का कार्य कर रहे हैं जहां सर्वत्र स्नेह, प्रेम, सुख, शांति, करुणा, दया चारो ओर व्याप्त रहेगी इसलिए अभी स्वयं के अंदर जो भी नकारात्मक वृत्तियां है जो स्वयं व अन्य आत्मा को दुःखी करती है उसे इस होली में ज्ञान सूर्य परमात्मा की याद से दहन करना है अर्थात उन वृत्तियों का अग्नि संस्कार करना है जैसे व्यक्ति की मृत्यु होने के पश्चात उसको जलाते हैं। परमात्मा ने हमें बताया है कि यह सृष्टि कर्म क्षेत्र है जो करेगा सो पाएगा इसलिए यदि हम स्वयं को परिवर्तन करते हैं तो परमात्मा कहते हैं कि आपको 21 जन्म तक संपूर्ण सुख शांति का स्वराज्य मिलेगा। कार्यक्रम में सभी आये हुए लोगों को बहनों ने परमात्मा स्मृति का तिलक लगाया और मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर होली के सुमधुर गीतों में कुमारी चंद्राणी युक्ति और जागृति ने अपनी मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी।

## गौर पूर्णिमा महोत्सव पर राधा-कृष्ण और निताई-गौरांग का हुआ दिव्य अलंकार



भिलाई। शुक्रवार को पूर्णिमा के अवसर पर शाम 6.30 बजे से भिलाई के सेक्टर-6 अक्षय पात्र प्रांगण में स्थित, हरे कृष्णा मूवमेंट में गौर पूर्णिमा एवं होली महोत्सव का आयोजन किया गया। हरे कृष्ण मूवमेंट अध्यक्ष व्योमपाद दास ने बताया कि श्री गौर पूर्णिमा भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु के आविर्भाव की पावन तिथि है। परम भगवान स्वयं श्री कृष्ण ने पश्चिम बंगाल स्थित नबद्वीप धाम में चैतन्य महाप्रभु के रूप में अवतरित हो इस कलियुग में हरि-नाम संकीर्तन महायज्ञ का सूत्रपात किया। होली का उत्सव बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इस दिन भगवान के प्रिय भक्त प्रहलाद, होलिका की गोद में अग्नि में भी पूर्ण रूप से सुरक्षित रहे, जबकि होलिका ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त होने के बावजूद भी उस आग में दहन हो गई। इससे जन सामान्य को बताया कि हमें अपनी शक्तियों का प्रयोग सदा परोपकार के लिए ही करना चाहिए,



अन्यथा उसके विपरीत परिणाम हमें भुगतने होंगे। गौर पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में भगवान श्री राधा कृष्ण एवं निताई - गौरांग का दिव्य अलंकार किया गया। संपूर्ण मंदिर को पुष्पों से सुसज्जित किया गया। शाम 6.30 बजे से संध्या आरती एवं कीर्तन से उत्सव का आरंभ हुआ , जिसमें भगवान के नाम के दिव्य मंत्र उच्चारण से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो गया। जिसके बाद भगवान श्री निताई-गौरांग का दिव्य अभिषेक किया गया। भगवान की महा आरती के बाद दिव्य पालकी उत्सव का आयोजन हुआ और फिर फूलों की होली एवं रंगों की होली का उत्सव मनाया गया। इस दौरान पूरा परिसर रंगायमान एवं अत्यंत रमणीय दिखाई दिया। महोत्सव के अंत में सभी भक्तों को भगवान का प्रसाद वितरण किया गया।



## भारतीय पर्व सकारात्मक ऊर्जा के स्रोतः विवेक चौहान



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग शिक्षक कॉलोनी में होली मिलन के अवसर पर सभी शिक्षकों ने गुलाल लगाकर सभी का स्वागत किया। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि भारतीय पर्व प्रकृति के साथ जुड़ने का संदेश देते हैं। व्यक्तिगत और अनौपचारिक कार्यक्रम केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों ने आयोजित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय संगठन के सहायक आयुक्त विवेक चौहान सपरिवार शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारतीय पर्व सकारात्मक ऊर्जा के स्त्रोत है। इन पर्व में उत्साह और उमंग के साथ-साथ गहरा संदेश छिपा हुआ है। होली शब्द हमें बीती हुई बातों को भुलाने का संदेश देता है। जीवन में हमेशा नई शुरुआत करने के लिए तैयार रहना चाहिए। कार्यक्रम में संजीव भदोरिया, उषा शर्मा आशुतोष सिंह, नितिन अमित, एम ए नंदनवार, समीक्षा उर्वशी, सुमन प्रधान, रोशनी चंद्राकर, एमके बोरकर आदि मौजूद थे।



कार्नर न्यूज

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर-7 का आयोजन

# एक हाथ में पिचकारी और एक में मुरली धारण किए मोर मुकुटधारी कान्हा की विशाल रंगोली बनी आकर्षण का केंद्र

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में खुशियों और रंगों के महापर्व होली को राधे कृष्ण संग खेलकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चंदन की शीतलता से आत्मिक तिलक लगाकर की गई।फूलों और गुलाब जल की पिचकारियों से सभी ब्रह्मा वत्सो को होली पर्व की शुभकामनाएं दी गईं।






### बुराईओं को जलाकर प्रेम व उत्साह से होली खेले, बच्चों ने दिया संदेश

सुबह राजयोग सत्र के बाद परमात्मा को विशेष भोग अर्पण कर भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने कहा कि बीती बातों, विकारों और स्वयं की कमी कमजोरी, बुराइयों को जलाकर, परमात्मा के अविनाशी रंगों, सहयोग, सफलता, शक्ति, गुण, प्रेम, मधुरता, शांति और उत्साह के अविनाशी रंगों से स्वयं और दूसरों के संग होली मनाएं। राधे-कृष्ण और डिवाइन ग्रुप बच्चों के संग सभा में उपस्थित ब्रह्मा वत्सो ने ब्रज की होली खेलकर माहौल को प्रेम, शांति और सौहार्द से भर दिया। पूरे आयोजन में उमंग, उत्साह और संतुष्टि के रंग बिखरे रहे। पीस ऑडिटोरियम के प्रांगण में एक हाथ में पिचकारी और एक हाथ में मुरली धारण किए मोर मुकुट धारी कान्हा की विशाल रंगोली सभी के आकर्षण का केंद्र रही।

सिटी इवेंट

## छत्तीसगढ़ की लोककथा को सुनकर झूम उठे श्रोतागण



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से अगासदिया संस्था का मंचीय कार्यक्रम ग्राम सिलघट में आयोजित किया गया। लोक गाथा की संगीतक प्रथा लोककथाओं की प्रस्तुति पर केन्द्रित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालोद के कवि अशोक आकाश ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ की कथा परंपरा पर बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। चनैनी, भरथरी, दसमत कयना, पंडवानी, लछिमन जती, देवार गीत, बसदेवा यह सब सुनकर हम बड़े हुए और उन्हीं गाथाओं की प्रेरणा से साहित्य लेखन की ओर आए। उन्होंने इन गाथाओं को समझने सुनने का अवसर देने संस्था का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुनीलाल निषाद ने कहा कि कथा वाचन में जिन सिध्द कलाकारों ने कथा सुनाया उसे हम अपने बुजुर्गों से सुनते आए थे। बचपन में सुनी कथाओं को यहां सुनकर खुशी हुई।

- एक ही मंच पर दी विभिन्न विधाओं की प्रस्तुति
- अगासदिया का लोककथा एवं लोक गाथा पर कार्यक्रम

संयोजक डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कलाकार गाथाओं की प्रस्तुति के लिए विदेशों में चर्चित हैं। पद्मभूषण तीजन बाई, भरथरी गायिका सुरूज बाई तथा पंथी के कलाकार भाई देवदास बंजारे और पंडवानी की गायिका पद्मश्री उषा बारले ने अपनी कला से छत्तीसगढ़ का नाम दुनियां भर में फैलाया। छत्तीसगढ़ के संस्कृति विभाग ने छत्तीसगढ़ी कलाकारों एवं संस्थाओं को संबल देकर विभिन्न विशेषताओं, कला की विधाओं के संवर्धन संरक्षण की दिशा में हमेशा काम किया है। यहां अलग-अलग विधाओं पर प्रस्तुति देकर छत्तीसगढ़ की मंचीय ताकत को आम जन से जोड़ने का प्रयास किया है। आयोजन में सभी कलाकार तथा सहयोगी राजेन्द्र साहू, मनहरण, महेश वर्मा और ग्रामीणों को बधाई दी। विशेष अतिथि दुर्गा टिकरिहा ने कलाकारों का सम्मान स्मृति चिन्ह, शॉल, श्रीफल देकर किया। राकेश तिवारी ने राजा फोकलवा लोक नाट्य के कुछ गीतों एवं दृष्यों का सस्वर पाठ किया। भरथरी, चनैनी के अंश का भी गायन के माध्यम से राकेश तिवारी एवं राजेन्द्र साहू ने प्रस्तुत किया। राजेन्द्र साहू पंथी गायन पर दर्शक झूम उठे।

डॉ. लिलाधर साहू, महेश वर्मा एवं गुधेली के प्रेम साहू और डामन लाल ने भिन्न-भिन्न विषयों पर लोक कथा सुनाकर समां बांधा। कुमारी, खुशबू ने संत पवन दीवान के गीतों को सस्वर प्रस्तुत किया। राजिम के स्वामी चित्रानंद ने लोककथा के साथ गीत भी प्रस्तुत किया।

सिटी इवेंट

## रोजा-इफ्तार में दिखा सर्वधर्म समभाव का एक नजारा



**भिलाई।** प्रख्यात सूफी संत बाबा भोला शफी शाह रहमतुल्लाह अलैहि के जन्मदिन के मौके पर ग्राम बीरेभाठ नंदिनी एयर स्ट्रिप के पास स्थित खानकाह (आश्रम) मुरादिया में रोजा इफ्तार व अन्य आयोजन रखे गए। इस दौरान बाबा सरकार के चाहने वालों में बड़ी तादाद में सर्वधर्म समुदाय के अकीदतमंद जुटे। यहां रोजेदारों के साथ सर्वधर्म के अकीदतमंदों ने भी इफ्तारी की। इसके बाद रोजेदारों ने मगरिब की नमाज अदा की। इस दौरान बाबा सरकार की गद्दी मुबारक लगाई गई और शिजरा ख्वानी और फातिहा ख्वानी हुई। मौजूद लोगों ने नात पाक व सलाम का नजराना पेश किया। वहीं मुल्क में अमन व सलामती के लिए दुआएं भी की गई। बाबा सरकार के जन्मदिन को देखते हुए अकीदतमंद अपने साथ केक भी लेकर आए थे, जिसे काट कर सभी तकसीम किया गया। वहीं सभी बच्चों को तोहफे दिए गए। आखिर में आम लंगर में सभी लोग शामिल हुए।



## कक्षा पांचवीं के बच्चों को दी विदाई

**भिलाई।** पीएम श्री शास प्रा शाला विनायकपुर , दुर्ग में कक्षा पांचवीं के बच्चों के लिए शाला परिवार की ओर से विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम छोटे बच्चों द्वारा कक्षा 5वीं के बच्चों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया, तीसरी,चौथी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर पांचवी के बच्चों को उपहारस्वरूप पेन भी उन्होंने भेंट किया ।कक्षा 5वीं के बच्चों ने भी अपने 5 वर्ष के शाला अनुभव को सभी बच्चों के समक्ष साझा किया,तथा अपनी ओर से शाला को स्मृति चिन्ह भेंट किए । इस अवसर पर ग्राम पंचायत विनायकपुर के सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में अपनी बात बच्चों के साथ साझा किए और आशीर्वाद प्रदान किए। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोतीलाल मार्कण्डेय, स्मृति सोनी,भामिनी महार आदि मौजूद थे।



### नौकरीपेशा और कारोबारी भी रोजा रखने के साथ पाबंदी से कर रहे हैं तमाम इबादत

# अपनी जिम्मेदारियां पूरी करते हुए रखते हैं रोजा और करते हैं इबादत, नहीं होता कामकाज पर असर

भिलाई। पवित्र रमज़ान महीने का दूसरा अशरा (10 दिन) जारी है। इस महीने में मुस्लिम समुदाय के हर वर्ग के लोग अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए रोज़ा और नमाज की इबादत में मशगूल हैं। खास तौर पर भिलाई स्टील प्लांट में कार्यरत डॉक्टर-इंजीनियर या फिर अन्य संस्थानों में कार्यरत नौकरीपेशा लोगों की दिनचर्या बदल चुकी है। रमजान में अपनी नौकरी से जुड़ी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए ये सभी लोग रोजा और नमाज की अदायगी कर रहे हैं।

### रोजा खुद को रिचार्ज करने की इबादतः हुमा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई-तीन में पदस्थ लेक्चरर हुमा खान कहती हैं कि रोज़ा खुद को रिचार्ज करने वाली इबादत है। रोज़ा रखने से बदन में स्फूर्ति आती है। अल्लाह से खुद को करीब करने में रोजा जैसी इबादत इस्लाम में अलग मकाम रखती है।



### रोजे का असर नहीं होता प्रेक्टिस परः डॉ. शेख



खुर्सीपार गेट में निजी प्रेक्टिस करने वाले डा शेख रियाजुद्दीन रमजान के महीने में अपनी क्लिनिक का वक्त थोड़ा सा बदलते हैं। जिससे वह वक्त पर इफ्तार कर लें। इसके अलावा रमजान के महीने में रोजा व दीगर इबादतों से उनके कामकाज पर कोई असर नहीं पड़ता। पाबंदी से रोजा रखने वाले डॉ. शेख कहते हैं-सेहरी और इफ्तार में पानी खूब पिए, खजूर का सेवन करें तेल मसालों का कम इस्तेमाल करें। मौसमी फल में तरबूज,खरबूजा और अंगूर का सेवन करें। डॉ. शेख कहते हैं रोजा रखने से शरीर में कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। वैज्ञानिक तथ्यों को एक तरफ भी कर दें तो सबसे बड़ी बात ये है कि रोज़ा अल्लाह का हुक्म है। हर मोमिनों ईमान वालो पर फ़र्ज़ है ताकि हम परहेज़गार बने।

### इबादत के साथ ड्यूटी भी चलती है बेहतर ढंग सेः डॉ. इलाही



जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं रिसर्च सेंटर सेक्टर-9 के सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शेख रियासत इलाही पाबंदी से रोजा रखते हैं और तमाम इबादत भी करते हैं। डॉ. इलाही का कहना है कि रोजे की हालत में वह अपने रोजमर्रा के कामकाज बखूबी निपटाते हैं। इनमें दोनों पालियों में ओपीडी में मरीज देखना भी शामिल है। डॉ. इलाही कहते हैं रमजान माह में तो और अच्छी टाइमिंग सेट हो जाती है। इस मौसम में रोजे के दौरान बरती जाने वाली सलाह पर डॉ. इलाही कहते हैं सहरी और इफ्तार के वक्त फल का सेवन करें और रोजा खोलने के बाद कोल्ड ड्रिंक के सेवन ना करें क्योंकि उस समय पेट खाली होता है। घरेलू पेय पदार्थ शरबत का उपयोग करना बेहतर है। बिना वजह धूप में ना घूमे रोज़ा शरीर में प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में भी सहायक है।

### रोजे की हालत में बीएसपी की ड्यूटी भी होती है बखूबीः सिद्दीकी



भिलाई स्टील प्लांट के एच एम ई विभाग के जनरल मैनेजर मोहम्मद अशरफ़ सिद्दीकी कहते हैं मुझे रोज़ा रखकर अपनी ड्यूटी करते हुए कोई कठिनाई नहीं होती है और स्टाफ भी हमेशा सहयोग करता हैं। प्लांट में विपरीत हालात और शिद्दत की गर्मी के बावजूद रोजे की हालत में अपने दायित्वों के निर्वहन में कभी कोई परेशानी नहीं होती है। सिद्दीकी कहते हैं कि रोज़ा अल्लाह की जिस्मानी इबादत में तुरंत असर अंदाज करने वाली इबादत है। रोजे के जरिए वास्तविक रूप से पूरी जिंदगी को बदलना मक़सद होता है, जैसे रोज़ा रखने के बाद सभी बुराई से बचते हैं बाकी 11 महीने भी इस तरह जिंदगी गुजारने से दुनिया में बेहतरीन समाज का निर्माण होगा।

### हर त्यौहार में भाईचारे की मिसाल है बीएसपी कर्मियों का आपसी संबंध- इकबाल



भिलाई स्टील प्लांट के वायर रॉड मिल में सीनियर टेक्नीशियन सैय्यद इकबाल कहते हैं कि रोजा रखने के साथ ड्युटी में कोई समस्या नहीं होती है। जब ईमान मजबूत होगा तो आमाल का पाबंद होगा। तीनों शिफ्ट के दौरान नाइट शिफ्ट में सेहरी घर से लेकर जाते हैं स्टाफ भी सहयोग करते हैं। हम होली, दीपावली में अपने साथियों की नाइट शिफ्ट कर देते हमारे दूसरे साथी हमारा सम्मान करते हुए नाइट शिफ्ट में एक दो हफ्ते आपसी म्युचुअल ड्यूटी कर लेते हैं। जिससे भाईचारे की बड़ी मिसाल कायम होती है।



### कारोबार में दिक्कत नहीं आती रोजा रखने परः अमीन

मोहम्मद अमीन कुरैशी कपड़े के थोक व चिल्हर व्यापारी सुपेला कहते हैं कि हमारा कपड़ा का व्यापार है। रमजान में रायपुर जाते-आते हैं थोड़ा सुबह माल लेने चले जाते हैं। अमीन कुरैशी कहते हैं मेरी सभी से अपील है अल्लाह ने हमें जो मुबारक महीना रमजान दिया है उसके काम रोजा, तिलावत कुरान मजीद ओर तस्बीह में अपने वक्त को जरूर लगाएं। व्यापारी कान में बैठे बैठे खाली समय-समय पर इन काम को कर सकते हैं। रोज़ा ईमानदारी सच्चाई और आमनतदारी का अच्छा जरिया है। रोजा रखने के बाद झूठ से बचाव हो जाता है।

### आईआईटी भिलाई का आयोजन

## नवाचार, नेतृत्व व सशक्तिकरण पर किये विचार व्यक्त युवा उद्यमी ने साझा किया अपने स्टार्टअप का सफर



**भिलाई।** ट्विनसिटी में सभी स्थानों पर महिला दिवस और रंगों का त्यौहार होली के सेलिब्रेशन का दौर चल रहा है। जहां उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने सम्मानित किया जा रहा है तो वहीं फूलों से होली खेलकर रंगो का त्यौहार सेलिब्रेट किया जा रहा है। इसी क्रम में आईआईटी में आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन बाई यादव ने शिरकत की। आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन ने आईआईटी भिलाई द्वारा महिलाओं के लिए नवाचार, नेतृत्व और सशक्तिकरण पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया और समाज में महिलाओं के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पद्मश्री फूलबासन बाई यादव उपस्थित थी। सभी महिलाओं ने विजय, समानता और शक्ति का उत्सव सेलिब्रेट किया। शार्क टैंक में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली सबसे युवा उद्यमी ने अपने स्टार्टअप सफर को साझा किया और उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत आईबीआईटीएफ के मुख्य तकनीकी अधिकारी विष्णु वैभव द्विवेदी के उद्घाटन भाषण से हुई। आईबीआईटीएफ के सीईओ प्रशांत माथुर ने महिलाओं की तकनीक, उद्यमिता और नवाचार में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने जोर दिया। पद्मश्री फूलबासन बाई यादव ने अपने भाषण में महिलाओं की दृढ़ता, शक्ति और समाज में उनके परिवर्तनकारी प्रभाव को उजागर किया और लैंगिक समानता व सशक्तिकरण की सामूहिक आवश्यकता पर जोर दिया।इस दौरान कई प्रतिष्ठित वक्ताओं और पैनलिस्टों ने अपने अनुभव साझा किये। जिसमें उद्यमी ईशा झंवर, शुभिका जैन, कनिका जैन, पल्लवी गोयल, निधि चंद्राकर, मानवी गुप्ता, जोया अली, डॉ. याशा उपेंद्र, निधि पांडेय शुक्ला, ट्विंकल गोयल, हर्षा रूंगटा, जया मिश्रा, शुभम शुक्ला, रसिका पांडेय, कृति शर्मा,निखत शेख, हिना शेख, पद्मा गांधी, सुजाता अय्यर सहित कई विषय विशेषज्ञों ने प्रेरणादायक चर्चा में भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान भी किया गया।



### जागरुकता कार्यक्रम

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति सजगता पूर्वक अपनाए विद्यार्थीः डॉ. अग्रवाल



**भिलाई।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर भरर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में डॉ अरुणेन्द्र कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों को पुरानी शिक्षण पद्धति से अलग राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों जैसे सेमेस्टर प्रणाली, क्रेडिट पद्धति, बहुसंकाय प्रणाली, मल्टीपल एंट्री एग्जिट प्रणाली, मूल्यवृद्धि पाठ्यक्रम, योग्यता वृद्धि पाठ्यक्रम के बारे मे बताया।एन ई पी प्रभारी डॉक्टर सन्तोष कुमार पाण्डे ने विद्यार्थियों को सतत आंतरिक मूल्यांकन, महाविद्यालय के एसईसी पूल की जानकारी प्रदान करते हुए, अंत सेमेस्टर परीक्षा पैटर्न के बारे में जानकारी देते हुए, अंक के अनुसार प्रश्नोत्तर की सलाह दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सतत आंतरिक मूल्यांकन में उपस्थिति को अत्यावश्यक बताते हुए, प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों की जागरूकता का परीक्षण किया। उन्होंने योग्यता वृद्धि के लिए मूल विषय से अलग एस ई सी पाठ्यक्रम का चुनाव करने की सलाह दी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रो. नीता कुंभारे ने विद्यार्थियों को कार्यक्रमों में सहभागिता को व्यक्तित्व निर्माण के लिए आवश्यक बताया, प्रो रजनीश तिवारी ने अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ आबिद हसन खान ने होली की शुभकामनाएं देते आपसी सहयोग, भाईचारा को जीवन में आगे बढ़ने की सीढ़ी बताया। कार्यक्रम में मनीष साहू, डॉ लता मार्कण्डेय, मेजराम जोशी सहित 200 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### गीता जिंदगी को गुनगुनाना सिखाती हैः आचार्य डॉ.अजय

## कहीं कोई कमी दिखाई दे तो उसे सुधारने की कोशिश करें, अगर सभी जगह कमियां दिखाई दे, तो खुद को सुधारने की कोशिश करें

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** साइंस कॉलेज दुर्ग में संस्कृत विभाग द्वारा व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में संस्कृत के वैदिक विद्वान आचार्य डॉ अजय आर्य और महेश कुमार अलेंद्र वैशाली नगर कॉलेज भिलाई उपस्थित थे। संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो जनेंद्र कुमार दीवान, डॉ रजनीश उमरे, डॉ शारदा सिंह, डॉ लता गोस्वामी व निखिल देशलहरे ने वक्ताओं का शॉल और श्रीफल से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि जिंदगी को दो तरह से जिया जा सकता है गुनगुनाते हुए या भूनभूनाते हुए। गीता का संदेश है कि जीवन को गीत की तरह गुनगुनाइए। लय, ताल और संगीत के साथ जीवन को सुरों में पिरोइए। आपने पुरानी फिल्मों में सास का किरदार देखा होगा। बहु कितनी विनम्र हो आज्ञाकारी हो सास हमेशा भुनभूनाते रहती है।



### पूजा की थाली अपने सत्कर्मों से सजानी चाहिएः डॉ. अजय


दुनिया में कुछ लोग सास बन करके ही जीते हैं उन्हें कोई अच्छा नहीं लगता किसी का काम अच्छा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि अगर कहीं कोई कमी दिखाई दे तो उसे सुधारने की कोशिश करें किंतु अगर सभी जगह कमियां दिखाई दे तो खुद को सुधारने की कोशिश करें। डॉ आर्य ने कहा कि गीता संदेश देती है कि पूजा की थाली अपने सत्कर्मों से सजाना चाहिए। कर्म योग यही सिखाता है कि हमारे जीवन का आधार कर्म ही है। कर्म को सुकर्म या सत्कर्म बनाना ही साधना है। गीता विषाद से प्रसाद की ओर बढ़ने की यात्रा है। गीता विषाद योग से आरंभ होती है। विषाद का अर्थ है दुख और प्रसाद का अर्थ है, प्रसन्नता या सुख। गीता का अंतिम अध्याय मोक्ष और सन्यास योग पर आधारित है। अंतिम श्लोक कहता है कि जहां पर कृष्ण है जहां पर अर्जुन है वहां पर विजय निश्चित है। अर्जुन आपका पुरुषार्थ है कृष्ण आपकी बुद्धि आध्यात्मिक शक्ति है। हर व्यक्ति के पास विजय के लिए संयम और आध्यात्मिक शक्ति आवश्यक है।

### खुश रहो और खुश रखो

डॉ आर्य ने अपने व्याख्यान में आगे कहा कि मैंने कुछ इस तरह अपनी जिंदगी आसान कर ली। किसी को माफ कर दिया किसी से माफी मांग ली। जिंदगी को लय और ताल के साथ जीने की कोशिश कीजिए। खुश रहो और खुश रखो। कुछ लोग खुद खुश रहना चाहते हैं और अपने अधीनस्थ या अपने सभी आसपास के लोगों को दुखी रखना चाहते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से यह बिल्कुल उल्टा है यह संभव है। उत्साह, उमंग, धैर्य, उपकार, सत्य, प्रेम ही जीवन के सच्चे रंग हैं। इस होली हम सबको इन रंगों को आत्मसात करने की कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रम में डॉ महेश कुमार अलिंद्र ने संस्कृत आधारित व्यवसाय की जानकारी देते हुए बताया कि संस्कृत में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का समावेश है। इस अवसर पर डॉ. निखिल कुमार एमएसडब्ल्यू ने भी अपने विचार रखे।

सिटी स्पोर्ट्स

## बढ़ती उम्र को थाम सकती हैं ऐसी आदतें सदाबहार दिखने आज से ही अपनाएं



रोजमर्रा की लाइफ की जहां कुछ आदतों की वजह से, आपके चेहरे पर समय से बुढ़ापा नजर आने लगता है। वहीं, कुछ हेल्दी आदतें बढ़ती उम्र की रफ्तार को थाम सकती हैं और उम्र से जवां दिखने में मदद कर सकती हैं।

आपको देखकर आपकी उम्र का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। आप तो 40 की उम्र में 30 की नजर आती हैं। अरे...इस उम्र में भी आपके जवां नजर आने का सीक्रेट क्या है। ये कुछ ऐसे कॉम्पिलमेंट्स हैं, जो सुनना हर किसी को पसंद होता है। बढ़ती उम्र को रोका या थामा नहीं जा सकता है, यह बात पूरी तरह से सच है। उम्र बढ़ने के साथ इसके संकेत चेहरे और शरीर में नजर आने लगते हैं। कुछ लोग उम्र से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं। वहीं, कुछ लोग बढ़ती उम्र में भी जवां नजर आते हैं। इसके पीछे हेल्थ कंडीशन्, हार्मोनल बैलेंस और स्किन केयर के साथ, डाइट और लाइफस्टाइल भी काफी हद तक जिम्मेदार है। रोजमर्रा की लाइफ की जहां कुछ आदतों की वजह से, आपके चेहरे पर समय से बुढ़ापा नजर आने लगता है। वहीं, कुछ हेल्दी आदतें



बढ़ती उम्र की रफ्तार को थाम सकती हैं और उम्र से जवां दिखने में मदद कर सकती हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसी ही हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जो 40 की उम्र में आपको 30 का दिखाने में कारगर हैं। इस बारे में डाइटिशियन नंदिनी जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।

दिन में कम से कम 3 लीटर पानी पिएं। हाइड्रेशन न केवल सेल्स को रिपेयर करता है, बल्कि शरीर में जमा टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में भी मदद करता है।

एंटी-ऑक्सीडेंट्स और विटामिन-सी से भरपूर डाइट लें। बेरीज, हल्दी, ग्रीन टी, संतरा, बादाम और एवाकाडो को डाइट में शामिल करें। ये सभी चीजें त्वचा को हाइड्रेट रखती हैं, इलास्टिसिटी बनाए रखती हैं और एजिंग के साइन्स को कम करने में मदद करती हैं।

दिन की शुरुआत चाय-कॉफी से नहीं, बल्कि किसी हेल्दी ड्रिंक जैसे हल्दी का पानी, जीरे का पानी या किसी हर्बल टी से करें। आप गुनगुने पानी से भी दिन की शुरुआत कर सकती हैं।

स्ट्रेस से दूर रहें। तनाव में रहना भी स्किन के जल्दी एजिंग का कारण बन सकता है। ऐसे



में स्ट्रेस को मैनेज करने के लिए, प्राणायाम और डीप ब्रीदिंग की मदद लें। 7-8 घंटे की नींद लें। नींद की कमी के कारण भी आपकी स्किन समय से पहले बूढ़ी नजर आ सकती है। सही स्किन केयर रूटीन को फॉलो करें। आप अपनी उम्र और स्किन टाइप के हिसाब से, स्किन केयर रूटीन को चुनें। केमिकल वाले प्रोडक्ट्स की जगह हर्बल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें। चुकंदर, तुलसी और खीरे का डिटॉक्स वॉटर पिएं। यह भी स्किन को हेल्दी बनाने में मदद करता है। फेस योगा जरूर करें। इससे न केवल फेस फैट कम होता है, बल्कि एजिंग के साइन्स भी जल्दी नजर नहीं आते हैं।

### नींद पूरी न होना भी आमंत्रण है गंभीर बीमारियों को

# अक्सर नींद न आना गंभीर बीमारियों का हो सकता है संकेत, आप भी करते हैं ये गलती तो तुरंत हो जाएं सावधान

जिन लोगों की नींद अक्सर पूरी नहीं होती है उनमें अन्य लोगों की तुलना में क्रोनिक बीमारियों का जोखिम अधिक हो सकता है। अनिद्रा के कारणों को जानना और समय रहते इसका इलाज कराना बहुत आवश्यक है। नींद न आने की स्थिति में खुद से ही लोग नींद की गोलियां लेना शुरू कर देते हैं, इसके कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। दौड़ती-भागती जिंदगी में सेहत का ख्याल रख पाना सभी उम्र के लोगों के लिए बड़ा चैलेंज हो गया है। 30 से कम उम्र के लोग ब्लड प्रेशर, शुगर सहित कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का तेजी से शिकार होते जा रहे हैं।



### अनिद्रा के कारणों की समय रहते करें पहचान

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अनिद्रा के कारणों को जानना और समय रहते इसका इलाज कराना बहुत आवश्यक है। अगर तनाव-चिंता या किसी अन्य चिकित्सा स्थितियों के कारण नींद न आने की समस्या है तो इसके लिए मनोवैज्ञानिक चिकित्सा की जरूरत होती है। डॉक्टर कहते हैं, नींद न आने की स्थिति में खुद से ही लोग नींद की गोलियां लेना शुरू कर देते हैं, इसके कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं।

### अनिद्रा और इसके कारण होने वाली दिक्कतें

शोध बताते हैं कि विश्वभर में लाखों लोग अनिद्रा से प्रभावित हैं, यह मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है। अनिद्रा के कई कारण हो सकते हैं, तनाव और चिंता जैसे नौकरी, पारिवारिक समस्याएं, वित्तीय संकट या अन्य तनावपूर्ण स्थितियां नींद में बाधा डाल सकती हैं। इसी तरह से हृदय रोग, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, अस्थमा जैसी बीमारियां भी अनिद्रा को जन्म दे सकती हैं।

### खुद से तो नहीं लेते हैं नींद की दवा?

तेजी से भागती दुनिया में लोगों के रातों की नींद गायब हो जा रही है, कई लोग इस समस्या से निपटने के लिए नींद की दवाइयों का सहारा लेते हैं। ऐसी दवाएं एक आसान समाधान हो सकती हैं, लेकिन विशेषज्ञ इसके दीर्घकालिक गंभीर जोखिमों को लेकर आगाह करते हैं। निद्रा चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉ. मीर फैजल ने खुद से ही नींद की दवा लेने को लेकर लोगों को सावधान किया है।

### रचनात्मक होने की गलती न करें

कुछ व्यक्ति जागते हुए अपने अतिरिक्त समय का सदुपयोग करना चाहते हैं, लेकिन ऐसा न करें। रात का मध्य काम करने, काम पर आगे बढ़ने या रसोई में रचनात्मक होने का सही समय कतई नहीं है। ऐसे कार्य मस्तिस्क को उस समय जागने के लिए प्रेरित करते हैं। जिससे आपकी नींद गायब हो सकती है।

### पीछे की ओर गिनती करें

व्यस्त मस्तिष्क" रात में जागने का सबसे बड़ा कारण है। हम कुछ सोचने लगते हैं या याद करने लगते हैं यानी या तो भूतकाल (यादों में खोना या भविष्य में जा पहुंचते हैं। भविष्य यानी प्लानिंग या भय)। इस सबसे छुटकारा पाने का एक आसान तरीका है100 से पीछे की ओर गिनें। यह आपके ध्यान को अतीत के पछतावे और भविष्य की चिंताओं से दूर करता है। साथ ही आपके मस्तिष्क को वर्तमान में बने रहने के लिए मजबूर करता है।

### मांसपेशियों को आराम दें

नींद आने के लिए आपकी मांसपेशियों को आराम की जरूरत है। यदि आप तनावग्रस्त हैं, तो आपको यह भी पता नहीं चलेगा कि वे भी हैं। रिलैक्सेशन एक्सरसाइजेज नामक तकनीक इसमें आपकी मदद कर सकती है।



## एसिडिटी की समस्या से मिलेगी राहत, डाइट में करें ऐसे बदलाव

एसिडिटी की समस्या आपको काफी परेशान कर सकती है। इसकी वजह से ब्लोटिंग से लेकर सीने में जलन की शिकायत हो सकती है। अक्सर लोग एसिडिटी होने पर तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं या फिर दवाइयों का सहारा लेते हैं। लेकिन आपको बार-बार ऐसा करने की जरूरत नहीं है। बस आपको अपनी डाइट में कुछ बदलाव करने की आवश्यकता है। अगर आप अपनी डाइट में कुछ छोटे-छोटे बदलाव करते हैं तो इससे आपको बार-बार होने वाली एसिडिटी से राहत मिलती है।

आपको शायद पता ना हो, लेकिन जब आप अपने खाने की आदतों में बदलाव करते है, तो आप नेचुरल तरीके से एसिडिटी को नियंत्रित कर सकते हैं। मसलन, अगर आप अपनी डाइट से मसालेदार, ऑयली और प्रोसेस्ड फूड आइटम्स का सेवन कम करते हैं तो इससे एसिडिटी की समस्या से बचा जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको डाइट में किए जाने वाले कुछ ऐसे ही बदलावों के बारे में बता रही हैं, जिन्हें अपनाकर आप एसिडिटी से राहत पा सकते हैं-

जिन लोगों को अक्सर एसिडिटी की शिकायत रहती है, उन्हें अपनी डाइट में बहुत अधिक मसालों जैसे लाल मिर्च व काली मिर्च का सेवन कम से कम करना चाहिए। इसके अलावा, बहुत अधिक ऑयली फूड भी एसिड प्रोडक्शन को बढ़ा सकता है, जिससे आपको एसिडिटी की शिकायत हो सकती है।



### खट्टे फलों का सीमित करें सेवन

यूं तो खट्टे फलों व टमाटर का सेवन सेहत के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन अगर आपको एसिडिटी की शिकायत है तो ऐसे में आपको इनका सेवन कम से कम करना चाहिए। दरअसल, यह नेचुरली एसिडिक होते हैं और एसिडिटी को और भी बदतर बना सकते हैं। बेहतर होगा कि आप इसके बजाय केले, सेब या खरबूजे खाएं।

### पिएं अधिक पानी

अगर आपको एसिडिटी की शिकायत है तो आप पानी का सेवन थोड़ा अधिक करें। दरअसल, पानी पेट के एसिड को पतला करने में मदद करता है। हालांकि, भोजन के दौरान बहुत अधिक पीने से बचें। यह पाचन को धीमा कर सकता है और इससे आपको परेशानी हो सकती है।

### हर्बल चाय का करें सेवन

हर्बल चाय को अक्सर अच्छी नींद या फिर वजन कम करने के लिए जाना जाता है। लेकिन इससे ब्लोटिंग व एसिडिटी से भी राहत मिलती है। आप अदरक की चाय, कैमोमाइल चाय व सौंफ़ की चाय आदि को अपनी डाइट में शामिल करें। ये पाचन तंत्र को शांत करते हैं और स्वाभाविक रूप से एसिडिटी को कम करने में मदद करते हैं।

### लें छोटे-छोटे मील्स

कुछ लोगों की यह आदत होती है कि वे दो मील्स के बीच में कई-कई घंटों का गैप करते हैं। लेकिन ऐसे लंबे गैप्स करने और एक बार में हैवी मील्स लेने से आपके पेट पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे एसिड रिफ्लक्स और भी खराब हो जाता है। इसलिए, हर तीन-चार घंटे में मील लें और इस दौरान थोड़ा-थोड़ा करके खाएं। कम भोजन लेने से पाचन पर भी कम दबाव पड़ता है।

## घर में बेलपत्र का पौधा लगाने पर क्या कहता है वास्तु, जरूर जानें

बेल के पौधे को ज्योतिष और वास्तु में बहुत शुभ माना जाता है। इस पौधे की पत्तियों को हमेशा भगवान शिव की पूजा में अर्पित किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि यदि आप इस पौधे को घर पर लगा रही हैं तो वास्तु के नियमों का पालन जरूरी है।

वास्तु शास्त्र में पेड़-पौधों का घर में स्थान बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। प्रत्येक पौधा न केवल पर्यावरण को सुंदर और हरा-भरा बनाता है, बल्कि यह घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। यह ऐसे ही पौधों में से एक है जो घर में शुभता और समृद्धि लाने का काम करता है।

यह घर में सुख, शांति और समृद्धि को बढ़ावा देता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेल का पेड़ घर में नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने का कार्य करता है। यह वातावरण को शुद्ध करता है और घर में शांति और समृद्धि को बढ़ाता है।



### क्या घर में बेल का पौधा लगाना ठीक है?

घर में बेल का पौधा लगाना वास्तु शास्त्र और धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत शुभ माना जाता है। विशेष रूप से यह पौधा भगवान शिव से जुड़ा है, इसलिए जिस स्थान पर ये पौधा होता है वहां भगवान शिव की कृपा दृष्टि सदैव बनी रहती है। मान्यता है कि इस पौधे को यदि आप अपने घर की सही दिशा में लगाती हैं तो सदैव शिव जी की कृपा दृष्टि बनी रहती है। यही नहीं इससे सकारात्मक ऊर्जा पूरे घर में फैलती है। हालांकि आप जब भी ये पौधा घर में लगाएं इसकी सही दिशा का ध्यान रखना बहुत जरूरी है और इस बात का भी ध्यान रखने की जरूरत है कि यह पौधा किसी भी कारण से सूखना नहीं चाहिए। आपको इस पौधे की नियमित देखभाल करनी चाहिए और इस पर समय-समय पर जल चढ़ाना चाहिए।

### वास्तु के अनुसार बेल के पौधे की सही दिशा क्या है?

वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेल का पौधा घर के उत्तर-पूर्व यानी ईशान कोण या उत्तर दिशा में ही लगाना सबसे शुभ माना जाता है। यदि आप इस दिशा में बेल का पौधा लगाती हैं तो जीवन में सदैव सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। इसके अलावा, बेल के पत्तों का प्रयोग भगवान शिव की पूजा में भी किया जाता है, जिससे घर में भगवान शिव की कृपा बनी रहती है और परिवार के सदस्य स्वस्थ रहते हैं।

## गैस पर उबलकर बिखर जाता है दूध...कटोरी वाले इस हैक से नहीं पड़ेगी एक टक देखने की जरूरत

क्या किचन में दूध गरम करते हुए वो गैस पर गिर जाता है? अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो अब आपको सोशल मीडिया पर वायरल कटोरी वाले हैक का इस्तेमाल करना चाहिए। आइए जानें, दूध को उबलकर गिरने से कैसे रोकें?



सोशल मीडिया पर इन दिनों एक हैक काफी वायरल हो रहा है। इस हैक में दूध को उबलते हुए गैस पर गिरने से रोकने का एक धांसू तरीका बताया गया है। इस हैक के मुताबिक, आपको एक कटोरी की जरूरत होगी। हैक में बताया गया है कि दूध को पतीले में डालने से पहले उसमें एक कटोरी डालनी होगी। इसके बाद, उसमें दूध डालकर उसे गरम होने के लिए गैस पर रखें। इस तरीके से दूध गरम करेंगे, तो वह गैस पर उबलकर नहीं गिरेगा। इस ट्रिक को आप भी ट्राई कर सकते हैं।

### इन तरीकों से भी नहीं गिरेगा दूध

उबलते हुए दूध को पतीले से बाहर आने से रोकने के लिए आप लकड़ी का स्पैटुला इस्तेमाल कर सकते हैं। लकड़ी का स्पैटुला पतीले के ऊपर रखें। इससे उबाल आने पर भी दूध बाहर नहीं आ पाएगा।

जितना दूध गरम करना है, उसके हिसाब से हमेशा बड़ा बर्तन ही यूज करें। इससे दूध के उबलकर गिरने की टेंशन नहीं रहेगी।बर्तन के किनारों पर थोड़ा सा मक्खन लगाने से दूध के उबलकर बाहर गिरने की कोई टेंशन नहीं रहती। डबल बॉयलर मैथड की मदद से दूध को गरम होने में वक्त लगता है और उसके बाहर आने की भी टेंशन नहीं रहती।

कार्नर न्यूज

### अपने बचपन को याद कर लीजिए, जहां पढ़ने के बजाय सिर्फ खेलने और कूदने का मन करता था

# अगर बच्चा पढ़ाई में नहीं कर पा रहा है फोकस, तुरंत उठाएं जरूरी कदम तो मिलेगा

इन दिनों परीक्षाओं का मौसम है। होली के पहले कुछ कक्षाओं की परीक्षाएं खत्म हो चुकी हैं तो कुछ की बची है। ऐसे में बच्चों के साथ-साथ पैरेंट्स के सामने भी चुनौती है। बच्चों का पढ़ाई में ध्यान न लगना बिल्कुल एक आम समस्या है। आप खुद ही अपने बचपन को याद कर लीजिए, जहां पढ़ने के बजाय सिर्फ खेलने और कूदने का मन करता था, पढ़ाई का मतलब बस स्कूल के होमवर्क पूरे करना और वो भी केवल उसी टीचर के जो स्ट्रिक्ट होते थे। वरना ऐसे तो पढ़ाई का मन कभी नहीं होता था। ऐसा ही हाल आज भी बच्चों में होता है।



बच्चों का पढ़ाई में कई बार फोकस इसलिए भी नहीं हो पाता है क्योंकि उनके दिमाग में ध्यान भटकाने वाली चीजें जैसे- मोबाइल, टीवी, वीडियो गेम्स आदि ज्यादा रहती हैं। इसके अलावा, अनुशासन और रूटीन की कमी, पढ़ाई के लिए सही जगह और सेटअप न होना, विषय कठिन लगना या समझ में न आना आदि वजह भी हो सकती है। हालांकि, इसे सही तरीके से हल किया जा सकता है। हर बच्चे की समस्या अलग होती है, इसलिए सही कारण समझकर ही समाधान निकालना बेहतर होता है। अगर आपका बच्चा पढ़ाई में फोकस नहीं कर पा रहा है, तो कुछ टिप्स अपनाकर उनके अंदर स्टडी को लेकर दिलचस्पी जगा सकते हैं।

### डेली रूटीन सेट करें

पढ़ाई, खेल और आराम के लिए एक निश्चित समय तय करें। हर दिन एक निश्चित समय पर पढ़ाई करने की आदत डालें। इस बीच उन्हें छोटे-छोटे ब्रेक दें। लंबे समय तक लगातार पढ़ने के बजाय, 25-30 मिनट की स्टडी के बाद 5-10 मिनट का ब्रेक दें। इससे मानसिक थकान नहीं होगी और फोकस बेहतर होगा।

### मनपसंद तरीकों से पढ़ाई कराएं

अगर बच्चा पढ़ाई में रुचि नहीं ले रहा है, तो ऑडियो-वीडियो, फ्लैश कार्ड, गेम्स आदि का इस्तेमाल करें। स्टोरीटेलिंग के जरिए कठिन विषयों को समझाएं। बच्चे को पढ़ाई के लिए डांटने या जबरदस्ती करने की बजाय, उसे समझाएं कि पढ़ाई क्यों जरूरी है। छोटे-छोटे लक्ष्यों पर इनाम दें, जैसे- अच्छे से पढ़ाई करने पर पसंदीदा स्नैक या खेलने का समय बढ़ाना।

### फिजिकल एक्टिविटी को बढ़ावा दें

दिन में कम से कम 30-40 मिनट का आउटडोर गेम खेलना जरूरी है। योग, ध्यान (मेडिटेशन) और एक्सरसाइज से बच्चे की एकाग्रता बढ़ती है। इससे मन भी शांत रहेगा और पढ़ाई के प्रति उनका इंटरेस्ट भी जाग सकता है।

भिलाई बाजार

भिलाई शरह में सुप्रसिद्ध ज्योतिष
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखि उपासक
फीस 251/-
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखी की असीम कृपा और साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुण्डली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिशाच दोष, गृहणी दोष, गृहकलेश, पति पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, संतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, उच्चाटन, मारण, मस्तिष्क दमन, वशीकरण इन बाधाओं से पीड़ित भक्तगण की समस्या माँ बगुला मुखी की साधना द्वारा समाधान
माँ बगुला मुखी ज्योतिष कार्यालय
समय - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक
पता - जुनवानी कोहका रोड, अमन ढाबा के बाजु में, भिलाई
मो.: 8871250663

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'लिलो एंड स्टिच' का शानदार ट्रेलर रिलीज, सोशल मीडिया पर लोग कर रहे जमकर तारीफ



डिज्नी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लिलो एंड स्टिच' का लाइव-एक्शन संस्करण 23 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। फिल्म की रिलीज में अभी कुछ महीने बाकी हैं। इस बीच निर्माताओं ने इसका पहला आधिकारिक ट्रेलर जारी कर फैंस के बीच उत्साह जगा दिया है। पहले यह फिल्म डिज्नी+ पर आने वाली थी, लेकिन अब इसे बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर को मिल रही शुरुआती प्रतिक्रियाओं से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्मों में अपनी एक खास जगह पक्की कर सकती है। दो मिनट 24 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत कमांडर के एक डायलॉग से होती है, जिसमें वह स्टिच को 'खतरनाक प्रयोग' करार देता है। इसके बाद शुरू होता है रोमांच और हंगामे का सिलसिला। फिल्म में माया केलोहा लिलो की भूमिका निभा रही हैं, जो हवाई की एक नन्ही लड़की है। वह स्टिच नाम के एक एलियन से दोस्ती करती है, जिसे तबाही मचाने के लिए बनाया गया था। ट्रेलर में एक्शन, ड्रामा, रोमांच और मूल एनिमेटेड फिल्म का वही पुराना आकर्षण देखने को मिलता है। इस ट्रेलर को देखने के बाद लोग इसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।

### टॉलीवुड

## नयनतारा ने किया 'टेस्ट' में अपने किरदार का खुलासा, साझा किया फिल्म का टीजर



साउथ अभिनेत्री नयनतारा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'टेस्ट' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री ने अब अपनी नेटफ्लिक्स फिल्म 'टेस्ट' में अपने किरदार कुमुधा को पेश किया है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म का टीजर भी जारी किया। नयनतारा ने 'कुमुधा' का किरदार निभाया है, जो एक दृढ़ महिला है, जो एक साधारण जीवन, प्यार से भरा जीवन, एक छोटा सा घर, एक समर्पित पति और एक बच्चे का सपना देखती है। फिल्म में कुमुधा की यात्रा प्रेम और त्याग की कहानी है, जो शक्ति और त्याग से भरी है। चुनौतियों के बावजूद, वह कभी भी अपने सपनों की जिंदगी जीने से पीछे नहीं हटती। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए नयनतारा ने टीजर के साथ कैप्शन में लिखा, 'कुमुधा की ताकत उसके सपनों की सादगी में है- एक घर, एक परिवार और स्थायी प्रेम, लेकिन जीवन उसे ऐसे तरीकों से परखता है,जिसकी उसने कभी उम्मीद नहीं की थी और उसे उन चीजों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करता है, जो वास्तव में मायने रखती हैं।' इसके अलावा नयनतारा ने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह दर्शकों को 'टेस्ट' में कुमुधा की यात्रा दिखाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, 'उनकी यात्रा को पेश करना अत्यंत मार्मिक था और मैं आशा करती हूं कि दर्शक उनकी हर भावना को महसूस करेंगे। 'टेस्ट' प्रेम, तयाग और अटूट आशा की कहानी है। मैं नेटफ्लिक्स पर सभी को इसका अनुभव देने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।'

वहीं, जारी हुए टीजर की बात करें तो अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर नयनतारा ने टीजर शेयर किया करते हुए लिखा, 'इस टीचर के लिए असफलता कोई विकल्प नहीं है। कुमुधा अपनी सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षा का सामना करने वाली है।

### भोजपुरी

## 'अठरंगी दुल्हनिया' में मनमौजी लड़की की हरकतों से परेशान घरवाले, लाइफ में आया राजकुमार



इस साल रिलीज होने वाली शानदार भोजपुरी फिल्मों में से एक है फिल्म है 'अठरंगी दुल्हनिया'। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसमें लीड रोल में नजर आ रही हैं श्रुति राव। फिल्म की कहानी है एक मनमौजी लड़की की है, जो अपनी शर्तों पर जिंदगी जी रही है। इस लड़की यानी श्रुति राव से घरवाले परेशान हैं, क्योंकि उसकी शादी को लेकर घर में हर वक्त हंगामा मचा रहता है। असल में अपने हिसाब से जीने वाली ये लड़की लड़के वालों की कसौटी में फिट नहीं बैठती। एक तरफ घरवाले उसकी शादी के लिए परेशान हैं और लड़का ढूंढ रहे हैं, तो दूसरी तरफ उसकी लाइफ में एक लड़के की एंट्री होती है।

इस लड़के को देखते ही वो उसे अपना दिल दे बैठती हैं। हालांकि, अपने मनपसंद लड़के से शादी करना इतना आसान कहां। इस रास्ते में क्या-क्या दिक्कतें आती हैं, इसके लिए तो आपको पूरी फिल्म देखनी होगी।

मनोज ओझा द्वारा निर्देशित इस फिल्म नें श्रुति राव के अलावा आदित्य ओझा, मनोज टाइगर, प्रकाश जैश, मीनू शर्मा, भावना सिंह, कविता राज, शबनम खान, रिंकू यादव, शकीला अब्दुल, माजिद बेबी, चाहत अंकुश और आरती निगम जैसे कई कलाकार हैं। इस कहानी के लेखक हैं- शेखर मधुर और म्यूजिक अमन स्लोक के हैं।

बिंदास मूड

लाइफ स्टाइल




फैरेल विलियम्स और स्टेफ़न डिग्स जैसे मॉडल अपने कपड़े, चश्मे और जूतों से एक अलग स्टाइल क्रिएट करते हैं। बिंदास मूड का यह फैशन पेरिस की पहचान है। इनमें वसंत 2025 के मेन्सवियर शो में स्ट्रीट स्टाइलर्स ने स्टेटमेंट पीस पर ध्यान केंद्रित किया। इनमें बोल्ड बेल्ट से लेकर फैंसी पैंट और काउबॉय हैट शामिल हैं। पेरिस में पिछले सप्ताह हुए फैशन शो के तुरंत बाद कॉउचर शो हुए। दोनों ही शो में फैशन पसंद नौजवानों का हुजूम उमड़ पड़ा।

## नहाने के बाद चेहरे पर लगा लें ये होम मेड क्रीम, जानें बनाने का तरीका

चेहरे पर पिंपल्स, दाग धब्बे होने की वजह से अधिकतर लड़कियां परेशान रहती हैं। अगर आपके चेहरे पर भी यही परेशानी देखने को मिल रही है, तो आप एक्सपर्ट के बताएं इस होममेड फेस क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

इसके लिए आलू का रस, चावल का आटा,मलाई, एलोवेरा जेल और शहद इकट्ठा करने के बाद एक साफ बर्तन के अंदर चावल का आटा लेना है। इस आटे में आप आलू का रस, एलोवेरा जेल, मलाई और शहद इन सभी चीजों को बराबर मात्रा में मिलाकर अच्छी तरह पेस्ट तैयार कर लें। आप चाहें, तो इस पेस्ट में कुछ बूंद गुलाब जल की भी मिल



सकती है। इस पेस्ट को अच्छी तरह फैट लें जब यह गधा हो जाए तब इसे 5 मिनट के लिए ढक कर रख दें। 5 मिनट के बाद आप इस क्रीम को एक डिब्बी में भरकर रख सकती हैं और रोजाना नहाने के बाद इसे अपने चेहरे पर लगा सकती हैं।

### होममेड क्रीम का इस्तेमाल

चेहरे के साथ-साथ आप इस क्रीम को अपनी गर्दन पर भी लगा सकती हैं। लेकिन ध्यान रहे आपको इस क्रीम का इस्तेमाल दिन भर में केवल एक से दो बार ही करना है। होममेड क्रीम का इस्तेमाल करने से पहले आप पैच टेस्ट जरूर करें। क्योंकि हर लड़की की स्किन का प्रकार अलग-अलग हो सकता है। ऐसे में कुछ लड़कियों के चेहरे पर संसेटिव स्किन होने की वजह से एलर्जी हो सकती है।

## इफ्तार की पार्टी में पेस्टल रंग के आउटफिट पहनकर बिखेरें जलवा

फैशन



इस साल ट्रेंड में हैं पेस्टल शेड्स, जो न केवल स्टाइलिश लगते हैं बल्कि गरिमामयी और शालीन भी दिखते हैं। अगर आप भी इफ्तार पार्टी में स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, तो ये ट्रेंडी पेस्टल कलर आपके लिए परफेक्ट रहेंगे।

रमजान का पाक महीना चल रहा है। ऐसे में जगह-जगह इफ्तार पार्टियों का आयोजन हो रहा है। रमजान के दौरान इफ्तार पार्टी में सबसे खास होता है सादगी और एलीगेंस का कॉम्बिनेशन। इस साल ट्रेंड में हैं पेस्टल शेड्स, जो न केवल स्टाइलिश लगते हैं बल्कि गरिमामयी और शालीन भी दिखते हैं। तो अगर आप भी इफ्तार पार्टी में स्टाइलिश दिखना चाहते हैं, तो ये ट्रेंडी पेस्टल कलर आपके लिए परफेक्ट रहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे पेस्टल रंगों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो इफ्तार पार्टी के लिए परफेक्ट हैं।

**पेस्टल पिंक :** यदि आप सॉफ्ट और एलिगेंट लुक कैरी करना चाहती हैं तो लड़कियां पेस्टल पिंक अनारकली या शरारा सेट पहन सकती हैं। वहीं लड़के पिंक कुर्ता-पायजामा या पिंक जैकेट के साथ व्हाइट कुर्ता ट्राई कर सकते हैं। लड़कियां अपने लुक को मिनिमल ज्वेलरी और सिल्वर मोजरी इस लुक को कंप्लीट करेंगी।

**बेज और पीच :** यदि आप रॉयल और ट्रेंडी लुक कैरी करना चाहती हैं तो हल्के बेज या पीच कलर के सूट, शरारा या गरारा बहुत क्लासी लगते हैं। लड़के बेज कुर्ता और नेहरू जैकेट के साथ परफेक्ट लुक पा सकते हैं। इसके साथ मैचिंग या कंट्रास्टिंग स्टोल कैरी करें।

**मिंट ग्रीन :** यदि फ्रेश और सोबर लुक कैरी करना है तो मिंट ग्रीन का चिकनकारी कुर्ता या शिफॉन साड़ी इफ्तार पार्टी के लिए बेस्ट ऑप्शन है। पुरुष मिंट ग्रीन कुर्ता पायजामा या इंडो-वेस्टर्न जैकेट ट्राई कर सकते हैं। इसके साथ महिलाएं गोल्डन या पर्ल एक्सेसरीज कैरी करें।



**लैवेंडर :** यदि स्टाइलिश लुक कैरी करना है तो लैवेंडर अनारकली, शरारा या साड़ी आपको बेहद खूबसूरत दिखाएंगे। लड़के चाहें तो लैवेंडर कुर्ता विद व्हाइट पायजामा पहन सकते हैं। सिल्वर और व्हाइट एंब्रॉयडरी इस लुक को और खास बना देगी।

**स्काई ब्लू :** कूल और ग्रेसफुल लुक के लिए हल्के नीले रंग का कुर्ता या लहंगा गर्मियों में आरामदायक भी रहता है और स्टाइलिश भी लगता है। स्काई ब्लू कुर्ते को व्हाइट पायजामा और जैकेट के साथ पेयर करें।

## स्पेशल डे पर अपने पार्टनर को गिफ्ट करें पायल, पैर दिखेंगे सुंदर

जब भी हम किसी स्पेशल डे का इंतजार करते हैं, तो अपने पार्टनर से गिफ्ट मिलने के लिए हमेशा एक्साइटेड रहते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कुछ अच्छा मिलने वाला होता है। ऐसे में अगर आपका पार्टनर भी आपके उम्मीद लगाए बैठा है, तो उन्हें खुश करने के लिए पैरों में पहनने वाली पायल को गिफ्ट करें। इसमें आपको काफी सारे अच्छे डिजाइन के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे पहनने के बाद आपके पार्टनर के पैर अच्छे नजर आएंगे। इस बार मोर डिजाइन पायल के अलग-अलग डिजाइन को ट्राई करें। इससे आपकी पार्टनर खुश हो जाएगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की पायल डिजाइन को आप गिफ्ट कर सकते हैं।

**सिंपल मोर पायल डिजाइन :** अगर आपकी पार्टनर वर्किंग है, तो ऐसे में आप इन्हें रोजाना पहनने के लिए फोटो में नजर आने वाली पायल को गिफ्ट कर सकते हैं। इस तरह की पायल में पूरा डिजाइन प्लेन होगा। बस आपको मोर का डिजाइन एक ही तरह मिलेगा। इससे ये पायल और भी अच्छी लगेगी। साथ ही, सिंपल डिजाइन में होगी तो इसे पहनने के बाद आपके पैर और भी ज्यादा अच्छे लगेंगे।



### मोर पायल डिजाइन

अगर आपको चाहिए कि आपकी पूरी पायल में मोर का डिजाइन हो तो इसके लिए आप इस फोटो में नजर आने वाली पायल वाले डिजाइन को खरीदकर पैरों में पहन सकती हैं। इस तरह की पायल में आपको छोटे-छोटे मोर के डिजाइन मिलेंगे। इसमें आपको कलर भी मिलेगा। इसके साथ ही, नीचे की लटकन भी आपको कलरफुल डिजाइन में मिलेगी। इससे आपके पैर अच्छे लगेंगे। साथ ही, आप इसे फिर कभी भी वियर कर पाएंगी। इससे आपके पार्टनर के पैरों के साथ-साथ दिल भी खुश हो जाएगा। इसे आप चांदी या आर्टिफिशियल हर तरह के डिजाइन में खरीद सकती हैं।

## मोतियों की लड़ी और फूलों की बेल से सजाएं अपनी चोटी, देखें डिजाइंस

'काली तेरी चोटी है परांदा तेरा लाल नी', ये वाला गाना आपने सुना ही होगा। पहले के समय में बालों की सजावट के लिए फूलों के बाद परांदा ही एक विकल्प होता था। मगर अब वक्त। बदल चुका है। बालों की खूबसूरती के लिए और उन्हें आकर्षक बनाने के लिए कई तरह की हेयर एक्सेसरीज का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन जब बात पारंपरिक और ट्रेंडी हेयरस्टाइल की हो, तो चोटी को अलग-अलग तरीकों से सजाने का चलन आजकल देखा जा रहा है।

**मोतियों की लड़ी से सजी चोटी:** मोतियों का आकर्षण कभी भी कम नहीं होता। सफेद, गोल और चमकदार मोतियों से सजी चोटी किसी भी हेयरस्टाइल को ग्रेसफुल बना देती है। मोतियों की



एक्सेसरीज कई तरह से इस्तेमाल की जा सकती हैं

**सिंपल मोती लड़ी चोटी:** यह उन महिलाओं के लिए परफेक्ट ऑप्शन है, जो अपनी चोटी को एलिगेंट और ग्रेसफुल बनाना चाहती हैं। इसमें चोटी के साथ एक पतली मोतियों की लड़ी को लपेटकर सजाया जाता है।

**हैवी पर्ल वेव चोटी:** इस स्टाइल में बालों को फ्रेंच ब्रेड या फिशटेल स्टाइल में गूंथकर बीच-बीच में मोतियों की लड़ी को सेट किया जाता है, जिससे एक वेवी और रॉयल लुक मिलता है।

**ब्राइडल पर्ल चोटी:** शादी के लिए मोतियों से सजी चोटी एक बेहतरीन विकल्प होती है। इसमें चोटी के साथ गोल्डन या सिल्वर पर्ल बीड्स का इस्तेमाल किया जाता है, जो हेवी ज्वेलरी और ट्रेडिशनल अटायर के साथ परफेक्ट लुक देती है।

**झूमर स्टाइल मोती एक्सेसरीज:** इस स्टाइल में चोटी के दोनों ओर झूमर जैसी मोतियों की लड़ी लगाई जाती है, जो जूड़े के साथ भी बेहतरीन दिखती है।

कार्नर न्यूज

### स्टाइल का नया नाम जिसे कैरी करना है आसान

## जिम जाना सिर्फ सेहत का मामला नहीं, फैशन में स्टाइल कर सकते हैं एथलेजर वियर

*एथलेजर वियर स्टाइल का वो नया नाम है, जो लुक को नए तरह से डिफाइन कर रहा है। इस स्टाइल में वो कपड़े शामिल होते हैं जो दो लुक का कॉम्बो होते हैं। एथलेजर वियर जिम में पहने जाने वाले वो कपड़े होते हैं, जो साथ में कैजुएल वाला लुक भी देते हैं। मतलब इन कपड़ों को आप जिम के साथ कैजुएल मौकों पर भी पहन सकते हैं। इन कपड़ों को बॉलीवुड स्टार्स ने तो दिल से स्वीकार कर लिया है लेकिन बाकी लोग अभी भी इसे पूरी तरह से अपना नहीं पाए हैं। इस स्टाइल को अपनाने के लिए आपको कुछ बातें ध्यान रखनी होंगी, तब आपके लिए इसे स्टाइल में शामिल करना आसान होगा।*



### स्टाइल भी आराम भी

ऐसा नहीं कि जिम वियर आरामदायक नहीं होते हैं। वो आरामदायक होते हैं लेकिन उन्हें आप कैजुअल वियर के तौर पर नहीं पहन सकते।एथलेजर वियर के साथ फायदा यह है कि इसे पहनकर आप कैजुअल मौकों पर भी स्टाइल में रह सकते हैं। इन कपड़ों में स्टाइल मिलेगा वो अलग। ये कपड़े आपको दो मौकों के लिए तैयार कर देते हैं, वो भी आराम और स्टाइल के साथ।

### तीन जरूरी प्वाइंट

एथलेजर वियर पहनने से पहले उससे जुड़े तीन प्वाइंट्स पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि यही तीन इसकी खासियतें भी होती हैं। ये तीन प्वाइंट निम्नलिखित हैं- मटेरियल फिट फंक्शनैलिटी

**कपड़ा आराम वाला :** एथलेजर वियर की खासियत इसका कपड़ा होता है, जो आरामदायक होने के साथ स्किन के लिए भी अच्छा होता है। इनमें अक्सर पॉलिएस्टर, नायलॉन, रेयॉन और स्पैंडेक्स जैसे फैब्रिक इस्तेमाल होते हैं।

### फिटिंग होगी कमाल

एथलेजर वियर पहनने के बाद फिटिंग की चिंता बिल्कुल न करें क्योंकि ये दूसरे जिम वियर के मुकाबले ज्यादा फिटिंग वाले होते हैं। कैजुएल वियरिंग के समय भी इनका लुक अच्छा आता है।

### सबसे अच्छी फंक्शनैलिटी

इन कपड़ों की खासियत फंक्शनैलिटी भी होती है। फंक्शनैलिटी से मतलब कपड़ों में मिलने वाली उस सुविधा से है, जिसके साथ आप इन कपड़ों को कहीं ज्यादा उपयोगी महसूस करते हैं।

जैसे एथलेजर वियर में बटन नहीं मिलेंगे बल्कि जिपर्स होंगे। इसके साथ इसमें इतनी पॉकेट मिलेंगी कि आप कहीं भी जाने से पहले इन्हें ही चुनेंगे।

### रिलेक्स्ड ऑकेजन के लिए बेस्ट

जिम में तो एथलेजर वियर पहने ही जाते हैं। इसके अलावा किन कैजुएल मौकों पर आप इन्हें पहन सकते हैं तो जवाब है सभी रिलेक्स्ड ऑकेजन पर।

वो मौके जब आप बिल्कुल रिलेक्स महसूस कर रहे हों।

### कौन-कौन से कपड़े एथलेजर वियर

सवाल यह भी उठता है कि एथलेजर वियर में किस तरह के कपड़ों को जोड़ा जा सकता है, जिनको पहनकर आपको एथलेजर लुक मिल जाएगा? तो इसकी लिस्ट भी तैयार है- बॉम्बर जैकेट क्रू नेक स्वेटर पोलो टी शर्ट कैजुअल ट्राउजर

### परफेक्ट स्टाइल के लिए मिक्स एंड मैच

एथलेजर लुक पाने के लिए मिक्स एंड मैच का नुस्खा खूब काम आता है। इसके बेस्ट लुक के लिए आपको अपनी वॉर्डरोब और एथलेटिक सामान को मिलाना होगा। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है, बॉम्बर जैकेट के साथ जॉगर्स और चंकी स्नीकर्स का मेल कीजिए। इसके साथ कैप भी लगा लीजिए। आपका एथलेजर लुक तैयार हो जाएगा।